# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-361 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शुक्रवार 4, सितंबर 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु


**चीमा ने कहा- डीए पर विपक्ष गलत जानकारी फैला रहा, पांच प्रमुख श्रेणियों में कुल वेतन केंद्रीय कर्मचारियों से अधिक**

# डीए विवादः सरकार बोली- पंजाब के कर्मियों का वेतन देश में सबसे ज्यादा

समर न्यूज़ । चंडीगढ़




पंजाब में कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते (डीए) को लेकर सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच विवाद के बीच वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने गुरुवार को कहा कि पंजाब के सरकारी कर्मचारी देश में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले कर्मचारियों में शामिल हैं।

उन्होंने दावा किया कि बेसिक वेतन और डीए को मिलाकर पंजाब के कर्मचारियों का कुल वेतन हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के कर्मचारियों से अधिक है। उनके अनुसार गुजरात की तुलना में पंजाब के कर्मचारियों को करीब 28 प्रतिशत अधिक वेतन मिलता है।

चीमा के साथ मंत्री अमन अरोड़ा और बलजीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार का पक्ष रखा। चीमा ने कहा कि पंजाब अपने कुल राजस्व का करीब 51 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारियों और पेंशनरों पर खर्च करता है, जबकि अन्य राज्यों में यह औसतन करीब 38 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि टेक-होम सैलरी के लिहाज से भी पंजाब के कर्मचारी देश में सबसे आगे हैं। चीमा ने कहा कि क्लर्क, ड्राइवर, स्टेनोग्राफर, शिक्षक और पुलिस जवानों सहित कई श्रेणियों में पंजाब के कर्मचारियों का कुल वेतन केंद्रीय कर्मचारियों से अधिक है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में भी इसी आधार पर वेतन की तुलना पेश की है।

सरकार का तर्क है कि केवल डीए प्रतिशत की तुलना करने के बजाय बेसिक वेतन, डीए और कुल मासिक पारिश्रमिक को देखा जाना चाहिए। पंजाब में वर्तमान डीए 42 प्रतिशत है। चीमा ने बताया कि सरकार बनने के समय यह 28 प्रतिशत था। इसे एक अक्टूबर 2022 से 34 प्रतिशत, एक दिसंबर 2023 से 38 प्रतिशत और एक नवंबर 2024 से 42 प्रतिशत किया गया। इन बढ़ोतरी की तारीखों का उल्लेख पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले में भी है।

**▪ सुप्रीम कोर्ट में मामलाः** पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के तीन अगस्त के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने करीब 14,191 करोड़ रुपये के लंबित डीए/डीआर का भुगतान दो सप्ताह के भीतर करने और इसे पंजाब में कार्यरत आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों पर लागू दरों के अनुरूप जारी करने का निर्देश दिया था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी है कि इतनी बड़ी राशि का इतने कम समय में भुगतान संवैधानिक और वित्तीय प्रक्रिया के लिहाज से संभव नहीं है।

### पुराने बकाये पर सरकार का दावा

*चीमा ने कहा कि करीब 14,191 करोड़ रुपये की देनदारी पुराने वेतन और डीए/डीआर बकाये से संबंधित है। इसमें 2016 से 2021 के बीच के संशोधित वेतन-पेंशन तथा जुलाई 2021 से मार्च 2024 तक के डीए/डीआर बकाये शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने फरवरी 2025 में इसे पांच वित्तीय वर्षों में चुकाने के लिए लिक्विडेशन प्लान मंजूर किया था। चीमा ने दावा किया कि इस बकाये में से अब तक करीब 4,500 करोड़ रुपये कर्मचारियों और पेंशनरों को दिए जा चुके हैं। यह देनदारी पिछली अकाली-भाजपा व कांग्रेस सरकारों के समय से चली आ रही है। मौजूदा सरकार इसका भुगतान कर रही है।*

### अनुच्छेद 14 पर सवाल

*चीमा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की ओर से डीए के मुद्दे पर गलत तथ्य पेश किए जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा संविधान के अनुच्छेद 14 के उल्लंघन की बात उठाए जाने पर सवाल किया कि अगर पंजाब में ऐसा हो रहा है तो हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे भाजपा शासित राज्यों में समान स्थिति का क्या आधार है। हालांकि, हाईकोर्ट ने अपने फैसले में पंजाब सरकार की लिक्विडेशन प्लान के जरिये बकाये को लंबे समय तक टालने की व्यवस्था को अनुच्छेद 14 के संदर्भ में असमान व्यवहार माना था और लंबित डीए/डीआर को पंजाब में कार्यरत आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के समान दर पर जारी करने का निर्देश दिया था।*

### सरकार ने नियमों का हवाला दिया

*मंत्री बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब में वेतन, पेंशन और डीए पंजाब सिविल सर्विसेज (रिवाइज्ड पे) रूल्स, 2021 और संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत तय होते हैं। उनके अनुसार इन नियमों में निश्चित डीए दर, केंद्रीय सूचकांक, स्वतः लागू होने वाले फॉर्मूले या केंद्र के डीए नियमों को अनिवार्य रूप से अपनाने का प्रावधान नहीं है। डीए कितना होगा और कब दिया जाएगा, यह राज्य सरकार अपने नियमों और वित्तीय स्थिति के अनुसार तय करती है।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### सीएम विजय का डीपफेक वीडियो, ठगी की कोशिश

**चेन्नई |** तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय का एआई से बनाया गया डीपफेक वीडियो प्रसारित कर लोगों से ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है। सीबी-सीआईडी की साइबर अपराध शाखा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वीडियो में विजय को हिंदी में लोगों को आर्थिक मदद की पेशकश करते हुए दिखाया गया है। उनसे एक वाट्सऐप नंबर पर संपर्क करने को कहा गया है।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस की आपात लैंडिंग

**लखनऊ |** वाराणसी से दिल्ली जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1253) में गुरुवार सुबह पिछले कार्गो कंपार्टमेंट में धुएं का संकेत मिलने के बाद लखनऊ में एहतियाती लैंडिंग कराई गई। विमान सुबह करीब 8:52 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। विमान में यात्रियों और चालक दल समेत 155 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### मलबे में दबी 97 वर्षीय महिला, जिंदा निकलीं

**काठमांडू |** नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बीच नुवाकोट की 97 वर्षीय गुना माया बोहरा का मलबे से जिंदा निकलना राहत और उम्मीद की बड़ी कहानी बन गया है। वह देविघाट क्षेत्र में बुजुर्ग देखभाल केंद्र के मलबे में फंस गई थीं। बचावकर्मियों और परिजनों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। मृतकों की संख्या 1273 पहुंच गई है।

## स्वदेशी लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का सफल परीक्षण

**खगांतक-243 की मारक क्षमता 140 किमी से अधिक**

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'खगांतक-243' का सफल परीक्षण किया है। वायुसेना ने बताया कि परीक्षण के दौरान सभी निर्धारित उद्देश्यों को हासिल किया गया। इसे भारत की स्वदेशी सटीक मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

खगांतक-243 करीब 300 किलोग्राम श्रेणी का लंबी दूरी का स्टैंडऑफ सटीक-निर्देशित ग्लाइड बम है। इसमें 125 किलोग्राम का एमके-81 सामान्य प्रयोजन वाला विस्फोटक वारहेड लगाया गया है। बम को लड़ाकू विमान से छोड़े जाने के बाद उसके पंख और नियंत्रण सतहें इसे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाती हैं। इससे विमान को लक्ष्य के ठीक ऊपर से उड़ान भरने की जरूरत नहीं पड़ती।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार करीब 12 हजार मीटर की ऊंचाई से छोड़े जाने पर खगांतक-243 की रिपोर्टेड रेंज 144 से 180 किलोमीटर तक हो सकती है। इसकी सटीक क्षमता उड़ान की ऊंचाई और गति जैसी परिस्थितियों पर निर्भर करती है। शुरुआती परीक्षण सुखोई-30 एमकेआई से किया गया है।



**▪ नौसेना के लड़ाकू विमानों पर भी नजरः** इस हथियार को आगे मिग-29के और मिराज-2000 जैसे लड़ाकू विमानों के साथ एकीकृत करने की योजना है। इसका विकास जेएसआर डायनेमिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिलकर किया है। वायुसेना पहले ही इसकी सीमित संख्या की खरीद के लिए अनुबंध कर चुकी है। इससे लंबी दूरी से सटीक हमला करने की क्षमता बढ़ाने के साथ घरेलू रक्षा उत्पादन को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## अमृतसर में अवैध हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार

**आठ पिस्तौल और 103 कारतूस बरामद, सोशल मीडिया एप्लीकेशन से विदेश में बैठे तस्करों के संपर्क में थे**

समर न्यूज़ | अमृतसर




अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 8 अवैध .30 बोर पिस्तौल और 103 कारतूस बरामद किए गए हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया एप्लीकेशन के जरिए विदेशों में बैठे तस्करों के संपर्क में थे। आरोप है कि आरोपी विदेशी निर्मित अवैध हथियारों की खेप हासिल करने के बाद उन्हें पंजाब में सक्रिय आपराधिक तत्वों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, यह नेटवर्क पंजाब में अपराधियों को अवैध हथियार उपलब्ध कराने में सक्रिय था। हथियारों की बरामदगी के बाद पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। मामले में अमृतसर के थाना इस्लामाबाद में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों को हथियार कहां से और किस माध्यम से मिल रहे थे। विदेशों में बैठे तस्करों के साथ उनके संपर्क और संभावित सीमा पार कनेक्शन की भी जांच की जा रही है।

इसके अलावा पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस नेटवर्क के जरिए अब तक पंजाब में कितने हथियार सप्लाई किए जा चुके हैं और ये हथियार किन आपराधिक तत्वों या गिरोहों तक पहुंचे हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की गहनता से जांच की जाएगी। आरोपियों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया संपर्कों और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस को जांच के दौरान इस नेटवर्क से जुड़े और भी अहम खुलासे होने की उम्मीद है।

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी की अपील**

## बाइक टैक्सी को मंजूरी दें राज्य आठ करोड़ को मिलेगा रोजगार

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को सभी राज्य सरकारों से बाइक टैक्सी सेवाओं को अनुमति देने की अपील की। उन्होंने कहा कि निजी मोटरसाइकिल और स्कूटर से यात्रियों को ले जाने की सुविधा शुरू होने से करीब आठ करोड़ लोगों के लिए आजीविका के अवसर पैदा हो सकते हैं।

खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार का साधन बन सकती है। गडकरी ने कहा कि केंद्र ने निजी दोपहिया वाहनों के जरिए यात्रियों को परिवहन सेवा देने का रास्ता खोला है, लेकिन कुछ राज्यों ने अभी इसकी अनुमति नहीं दी है। परिवहन राज्य का विषय होने के कारण राज्यों को अपने स्तर पर निर्णय लेना है।

गडकरी ने सड़क सुरक्षा के लिए मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बार-बार यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों के लिए नकारात्मक अंक व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव तैयार है। प्रत्येक उल्लंघन पर अंक दिए जाएंगे और तय सीमा तक अंक जमा होने पर चालक का लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा। सरकार का उद्देश्य बार-बार नियम तोड़ने वालों पर सख्ती कर जिम्मेदार वाहन चलाने की आदत विकसित करना है।

**'सुरक्षा' कार्यक्रम शुरूः** गडकरी ने महाराष्ट्र में 'सुरक्षा' पायलट कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान ये बातें कहीं। इसके तहत राजमार्ग, खनन और निर्माण जैसे जोखिम वाले क्षेत्रों में काम करने वाले चालकों और श्रमिकों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच तथा परामर्श की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नागपुर-कामठी के राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के करीब 150 किलोमीटर क्षेत्र और चंद्रपुर के खनन क्षेत्र में 10 हजार लोगों को शामिल करने का लक्ष्य है।

## ट्रंप की तस्वीर वाला 1 डॉलर का सिक्का कुछ घंटों में ही खत्म

एजेंसी | वाशिंगटन




अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाला विशेष 1 डॉलर का सिक्का बुधवार को बिक्री के कुछ ही घंटों में स्टॉक से बाहर हो गया। अमेरिकी मिंट ने दोपहर 12 बजे इसकी ऑनलाइन बिक्री शुरू की थी। 25 सिक्कों की एक रोल की कीमत 61 डॉलर और 100 सिक्कों के बैग की कीमत 154.50 डॉलर रखी गई थी। यानी एक सिक्के की कीमत पैक के हिसाब से करीब 1.55 से 2.44 डॉलर तक पड़ती है।

**डिजाइन में ट्रंप की तस्वीरः** सिक्के के एक तरफ ट्रंप का चित्र है। इसके साथ 'लिबर्टी', 'इन गॉड वी ट्रस्ट' और '1776-2026' लिखा है। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति की मुहर और '250' अंकित है। सिक्का सुनहरे रंग का है, लेकिन इसमें सोना नहीं है। इसमें मुख्य रूप से तांबा, जिंक, मैंगनीज और निकल का मिश्रण है। अमेरिकी मिंट ने 2.5 लाख सिक्के चार जुलाई को बनाए थे। इन पर विशेष '4 जुलाई' निशान लगाया गया है और इन्हें सामान्य रोल व बैग में बेतरतीब ढंग से शामिल किया गया है।

## कोटकपूरा गोलीकांडः सुखबीर अदालत में पेश लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश

**▪ अदालत ने अगली सुनवाई पर लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने को कहा**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल कोटकपूरा गोलीकांड मामले में गुरुवार को चंडीगढ़ की अदालत में पेश हुए।

उनके साथ मामले के अन्य आरोपी भी अदालत पहुंचे। सुनवाई को देखते हुए अदालत परिसर के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। यह मामला अक्टूबर 2015 में बरगाड़ी और बुर्ज जवाहर सिंह वाला में बेअदबी की घटनाओं के बाद कोटकपूरा में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ा है।

इसी दौरान बहिबल कलां में पुलिस गोलीबारी में दो लोगों की मौत हुई थी, जबकि कोटकापुरा में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। सुखबीर बादल समेत कई पूर्व पुलिस अधिकारी इस मामले में आरोपी हैं। अगस्त में पंजाब पुलिस ने कोटकपूरा और बहिबल कलां गोलीकांड की लंबित जांच से संबंधित स्थिति रिपोर्ट अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की थी।

गुरुवार की सुनवाई में आरोपियों के वकीलों ने जांच की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। अदालत ने अभियोजन को अगली सुनवाई में सभी मामलों में लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया।

### 'वोडाफोन के विज्ञापन वाले पग की तरह पति के पीछे चलने की उम्मीद नहीं'

**चेन्नई |** मद्रास हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद की सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह वोडाफोन के चर्चित विज्ञापन में दिखने वाले पग की तरह हर जगह पति के पीछे चले। न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन व न्यायमूर्ति एमडी सुमति की पीठ ने यह टिप्पणी उस मामले में की, जिसमें पति नौकरी के लिए मुंबई चला गया था और पत्नी को साथ नहीं ले गया था। पारिवारिक अदालत ने पति की तलाक याचिका खारिज करते हुए माना था कि पत्नी को साथ न ले जाना वैवाहिक दायित्व का उल्लंघन है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*


BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059


**पेज 1 एंकर स्टोरी** करीब 22 साल की सैन्य सेवा के बाद फ्लाई-91 से जुड़े; 2019 में करीब 60 घंटे पाकिस्तान की हिरासत में रहे थे

# पाकिस्तानी एफ-16 गिराने वाले अभिनंदन वर्धमान ने वायुसेना छोड़ी

एजेंसी | नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र से सम्मानित अभिनंदन वर्धमान ने करीब 22 साल की सेवा के बाद वायुसेना से सेवानिवृत्ति ले ली है। वह अब नागरिक विमानन क्षेत्र में नई पारी शुरू कर रहे हैं।

वर्धमान गोवा की क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई-91 से व्यावसायिक पायलट के रूप में जुड़ गए हैं। उन्होंने अगस्त में एयरलाइन ज्वाइन की। सेवानिवृत्ति 31 मार्च 2026 को हुई थी। वह फिलहाल व्यावसायिक उड़ानों के लिए जरूरी प्रशिक्षण और नियामकीय प्रक्रियाएं पूरी कर रहे हैं। अभिनंदन फरवरी 2019 में भारत-पाकिस्तान के बीच हवाई संघर्ष के दौरान दुनियाभर में चर्चा में आए थे। 27 फरवरी को पाकिस्तान वायुसेना के विमानों के साथ हुई मुठभेड़ में वह मिग-21 बाइसन उड़ा रहे थे। भारतीय आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने एक पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। इसके बाद उनका मिग-21 भी मिसाइल की चपेट में आ गया और उन्हें पैराशूट से विमान से बाहर निकलना पड़ा। वह पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में उतरे और पाकिस्तानी सेना ने उन्हें पकड़ लिया। करीब 60 घंटे बाद एक मार्च 2019 को उन्हें भारत को सौंप दिया गया।

### वीर चक्र से सम्मानित

*अभिनंदन को 2021 में वीर चक्र से सम्मानित किया गया। उस समय वह विंग कमांडर थे और बाद में उन्हें ग्रुप कैप्टन के पद पर पदोन्नत किया गया। उनका सैन्य करियर 22 साल से अधिक का रहा। वायुसेना छोड़ने के बाद अब उनका अनुभव नागरिक विमानन में काम आएगा। फ्लाई91 वर्तमान में एटीआर 72-600 विमानों के साथ क्षेत्रीय उड़ानें संचालित करती है और गोवा तथा हैदराबाद से परिचालन करती है।*

### नई उड़ान की तैयारी

*अभिनंदन के एयरलाइन से जुड़ने की पुष्टि हुई है, लेकिन उनकी सटीक उड़ान जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। सैन्य पायलटों के लिए वायुसेना से नागरिक विमानन में आने पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की निर्धारित लाइसेंस, मेडिकल और प्रशिक्षण संबंधी प्रक्रियाएं पूरी करना जरूरी होता है। अभिनंदन का मामला सैन्य लड़ाकू विमान से क्षेत्रीय यात्री विमानन की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव है।*

### 2021 में ग्रुप कैप्टन बने

*अभिनंदन वर्धमान का सैन्य करियर शुरू होने से पहले उनका पालन-पोषण सैन्य माहौल में हुआ। उन्होंने सैनिक स्कूल अमरावथिनगर में पढ़ाई की और बाद में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला से प्रशिक्षण लिया। 19 जून 2004 को उन्हें वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन मिला। वे सुखोई-30 एमकेआई उड़ाने वाले पायलट रहे और फिर मिग-21 बाइसन स्क्वाड्रन में तैनात हुए। 2017 में उन्हें विंग कमांडर और 2021 में ग्रुप कैप्टन बनाया गया।*

## श्री हरमंदिर साहिब परिसर में बेअदबी गुटका साहिब के अंग फाड़े, एक काबू

एजेंसी | अमृतसर

अमृतसर पुलिस ने गुरुवार को श्री हरमंदिर साहिब परिसर में कथित बेअदबी की घटना के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि व्यक्ति ने गुटका साहिब के अंग फाड़कर एक महिला श्रद्धालु के दुपट्टे से बांध दिए।

जानकारी के अनुसार, महिला अपने परिवार के साथ श्री अकाल तख्त साहिब पर माथा टेक रही थी। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर गुटका साहिब के फटे हुए अंग महिला के दुपट्टे से बांध दिए। महिला को बाद में इसका पता चला, जिसके बाद उसने तुरंत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद एसजीपीसी की ओर से कोतवाली पुलिस को शिकायत दी गई। सहायक पुलिस आयुक्त सुरिंदर सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत एसजीपीसी कर्मचारी सिमरनजीत सिंह की ओर से दर्ज करवाई गई, जो परिक्रमा क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस और एसजीपीसी अधिकारियों ने श्री हरमंदिर साहिब परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान शहीद ऊधम सिंह नगर निवासी मनदीप सिंह के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने उस समय कथित रूप से गुटका साहिब के फटे हुए अंग महिला श्रद्धालु के दुपट्टे से बांधे, जब वह श्री अकाल तख्त साहिब पर माथा टेक रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल घटना के पीछे की वजह और आरोपी की मंशा का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

# सीएम की पत्नी से कभी नहीं मिला, न रिश्वत की पेशकश की : सिमरनजीत

## सिमरनजीत हुंदल ने मजीठिया के आरोपों के बाद वीडियो जारी कर दी सफाई

**अकाली दल ने मांगी सीबीआई जांच, 'आप' ने आरोपों को बताया बेबुनियाद**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़





पंजाब में दुष्कर्म के आरोपी सोशल मीडिया प्रभावक गुरिंदर सिंह उर्फ गुरी चहल की रिहाई से जुड़े कथित पांच करोड़ रुपये के रिश्वत प्रकरण पर विवाद बढ़ता जा रहा है।

फिल्म लेखक-निर्देशक सिमरनजीत सिंह हुंदल ने गुरुवार को वीडियो जारी कर कहा कि वह मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर से कभी नहीं मिले और न ही किसी मामले में रिश्वत की पेशकश की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोगों को उनका नाम विवाद में नहीं घसीटना चाहिए और ऐसा जारी रहने पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। यह सफाई अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा कथित फोन रिकॉर्डिंग, तस्वीरें और सीसीटीवी फुटेज जारी कर गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद आई है। मजीठिया ने दावा किया था कि हुंदल आरोपी की ओर से एक कथित बिचौलिए से बातचीत कर रहे थे और पांच करोड़ रुपये की मांग का मामला सामने आया है। अकाली दल ने मामले की सीबीआई या हाईकोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच की मांग की है।

### 'आप' का पलटवार

'आप' नेता कुलदीप सिंह धालीवाल ने मजीठिया से दावों के समर्थन में सबूत पेश करने को कहा है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पांच करोड़ रुपये की कथित मांग से जुड़ी शिकायत पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पूरे मामले में लगाए गए आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं। हुंदल के इनकार और राजनीतिक दलों के परस्पर आरोपों के बीच कथित ऑडियो-वीडियो सामग्री तथा संबंधित पुलिस जांच की निष्पक्ष जांच से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# गद्दे की फैक्ट्री में लगी भीषण आग में एक कर्मचारी झुलसा

**बस्ती पीर दाद रोड पर मोदी मैट्रेस में हादसा; करीब 30 कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान, 10 गाड़ियों से पाया काबू**

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर के बस्ती पीर दाद रोड स्थित मोदी मैट्रेस फैक्ट्री में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में उस समय करीब 30 कर्मचारी काम कर रहे थे। धुआं उठता देख कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सभी कर्मचारी समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे।

भागने के दौरान एक कर्मचारी घायल हुआ, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री में गद्दों के अलावा फोम, कपड़ा और अन्य ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी। इसके चलते आग तेजी से फैल गई और कुछ ही देर में पूरे परिसर को चपेट में ले लिया। आग की लपटें और काला धुआं काफी दूर से दिखाई दे रहा था। दमकल विभाग की करीब 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पाया।

आग की तपिश के कारण फैक्ट्री की छत और शेड का एक हिस्सा भी गिर गया। दमकलकर्मियों को इसके चलते राहत एवं बचाव कार्य में परेशानी हुई। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग की संभावित वजह बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद होगी।

**रिहायशी इलाके में फैक्ट्री पर सवाल:** लोगों ने रिहायशी क्षेत्र में ऐसी फैक्ट्री के संचालन पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से जांच की मांग की है। फैक्ट्री में कथित तौर पर ज्वलनशील रसायन और व्यावसायिक गैस सिलेंडर भी रखे होने की बात सामने आई है। पुलिस और संबंधित विभाग आग के कारणों तथा सुरक्षा इंतजामों की जांच कर रहे हैं। नुकसान का आकलन नहीं हुआ है।

# स्कूल-कॉलेज बस ऑपरेटरों की महापंचायत बसें रहेंगी बंद, अलग परिवहन नीति की मांग

## बठिंडा में जुटे ऑपरेटर, तीन जिलों में स्कूल बंद रखने की अपील वापस

**कम कर और पासिंग नियमों में राहत की मांग**

समर न्यूज़ | बठिंडा



पंजाब के स्कूल-कॉलेज बस ऑपरेटर गुरुवार को बठिंडा की दाना मंडी में राज्य स्तरीय महापंचायत कर रहे हैं। अपनी मांगों के समर्थन में निजी स्कूल-कॉलेज बसों और वैन को सड़क से हटाया गया है।

ऑपरेटरों का कहना है कि सरकार उनकी समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने स्कूल और कॉलेज परिवहन के लिए अलग नीति बनाने की मांग की है।

ऑपरेटरों के अनुसार स्कूल बसें आमतौर पर रोज 50-60 किलोमीटर चलती हैं, जबकि सामान्य बसों का संचालन करीब 500 किलोमीटर तक होता है। इसके बावजूद दोनों पर समान कर व्यवस्था लागू होने से उन पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है। उन्होंने स्कूल बसों के लिए कर में राहत और वाहनों की अनुमत उम्र 15 से बढ़ाकर 25 वर्ष करने की मांग की है। नए जीपीएस सिस्टम लगाने से जुड़ा अतिरिक्त खर्च हटाने की भी मांग है।

**पासिंग को लेकर नाराजगी:** ऑपरेटरों ने वाहनों की पासिंग और परिवहन विभाग की जांच प्रक्रिया को लेकर भी आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि नियमों को लागू करने के दौरान बार-बार नई शर्तें सामने आने से परेशानी बढ़ रही है। उनका कहना है कि वे बच्चों की सुरक्षा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन नियम व्यावहारिक होने चाहिए।

**स्कूल बंद करने का फैसला बदला:** पहले बठिंडा, मानसा और बरनाला में निजी स्कूल बंद रखने की अपील की गई थी। हालांकि, बाद में निजी स्कूलों के महासंघ ने अपनी अपील वापस ले ली। अब इन जिलों में स्कूलों को सामान्य रूप से खोलने की बात कही गई है, जबकि बस सेवा प्रभावित रहेगी। ऑपरेटरों ने मांगें नहीं माने जाने पर जिला स्तर पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

# चार करोड़ की धोखाधड़ी मामले में दो कनाडाई नागरिकों पर केस

**पंजाब पुलिस की एनआरआई विंग ने दर्ज की एफआईआर**

समर न्यूज़ | अमृतसर

पंजाब पुलिस की एनआरआई विंग ने कनाडा में सैलून चेन का विस्तार करने के नाम पर चार करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में दो कनाडाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान कमलप्रीत सिंह खेहरा और क्रिस्पी खेहरा उर्फ क्रिस गिल के रूप में हुई है। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 61(2) के तहत दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता कनाडाई नागरिक और ओसीआई कार्डधारक इंदरजीत कौर बोपाराय ने आरोप लगाया कि उन्हें कनाडा में सैलून की फ्रेंचाइजी खोलने के प्रस्ताव के नाम पर निवेश के लिए तैयार किया गया। उनके अनुसार, निर्माण, दुकान तैयार करने और सामान खरीदने के लिए रकम ली गई, लेकिन प्रस्तावित आउटलेट स्थापित नहीं किए गए। उन्होंने चार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का दावा किया है।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि कम से कम छह अन्य कनाडाई निवेशकों ने भी इस परियोजना में पैसा लगाया था। पुलिस ने सैलून के संस्थापक और प्रमोटर मुनीश बजाज की भूमिका की भी जांच शुरू की है।

एआईजी जगजीत सिंह वालिया के अनुसार, प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज की गई है। नामजद सभी लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। वहीं मुनीश बजाज ने किसी धोखाधड़ी में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा है कि उन्होंने खेहरा को फ्रेंचाइजी दी थी और बाद में उसने स्वतंत्र रूप से काम किया।

# राजोआना की आंखों का इलाज पीजीआई में होगा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्याकांड में मौत की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना की आंखों का इलाज चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में होगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को राजोआना की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें उन्होंने पटियाला के एक निजी अस्पताल में अपनी आंखों का इलाज कराने की अनुमति मांगी थी।

राजोआना ने बताया था कि दोनों आंखों में मोतियाबिंद की समस्या है और चश्मे के इस्तेमाल से जलन तथा खुजली होती है। उन्होंने अपने खर्च पर पटियाला के डॉ. आरएस रंधावा आई अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति मांगी थी। केंद्र की ओर से अदालत को बताया गया कि जनवरी में पीजीआईएमईआर में उनकी आंखों की जांच हो चुकी है।

# होशियारपुर में अवैध खनन के आरोप, हाईकोर्ट ने मौके का निरीक्षण कर जांच के दिए आदेश

## जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण सचिव एक सप्ताह में सीलबंद रिपोर्ट देंगे

**खनन की गहराई और स्थान के निर्देशांक भी दर्ज करने होंगे**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने होशियारपुर में कथित अवैध खनन के मामले में मौके का निरीक्षण कराने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति यशवीर सिंह राठौर की खंडपीठ ने जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए), होशियारपुर के सचिव को मौके पर जाकर खनन की प्रकृति और वास्तविक गहराई की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत में कुछ तस्वीरें पेश कर दावा किया कि संबंधित क्षेत्रों में 100 मीटर तक गहरी खनन की गई है। उनका कहना था कि वहां खनन की कोई अनुमति नहीं थी और यदि अनुमति थी भी तो निर्धारित सीमा तीन मीटर है, जबकि कुछ स्थानों पर 50 मीटर से अधिक गहराई तक खनन किया गया। अदालत ने तस्वीरों को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए वास्तविक स्थिति की मौके पर जांच जरूरी समझी।

हाईकोर्ट ने डीएलएसए सचिव को निरीक्षण किए जाने वाले प्रत्येक स्थान का सटीक विवरण, उसके निर्देशांक, अनुमानित गहराई और खनन के विस्तार की जानकारी रिपोर्ट में शामिल करने को कहा है। निरीक्षण में उपायुक्त और खनन अधिकारी को आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट निरीक्षण के एक सप्ताह के भीतर सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश करनी होगी। याचिकाकर्ताओं ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग भी की है।

हाईकोर्ट ने कहा कि इस मांग पर डीएलएसए की रिपोर्ट देखने के बाद विचार किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। अभी अदालत के समक्ष केवल आरोप और तस्वीरें हैं, इसलिए खनन की वास्तविक गहराई और नियमों के उल्लंघन की स्थिति मौके की जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

# हलवारा : 10 सितंबर से दोपहर की उड़ान 4:05 बजे रवाना होगी

## दिल्ली से आने वाली उड़ान 3:35 बजे पहुंचेगी

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के हलवारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली के बीच संचालित एयर इंडिया की दोपहर बाद वाली उड़ान के समय में बदलाव किया गया है। नया समय 10 सितंबर से लागू होगा।

इसके तहत दिल्ली से हलवारा आने वाली उड़ान दोपहर 3:35 बजे पहुंचेगी, जबकि हलवारा से दिल्ली के लिए उड़ान शाम 4:05 बजे रवाना होगी। एयरपोर्ट निदेशक जागीर सिंह ने बताया कि समय में बदलाव नियमित यात्रियों की मांग को देखते हुए किया गया है। एयर इंडिया ने हलवारा से दिल्ली के बीच रोजाना दो उड़ानें शुरू की थीं। इनमें सुबह वाली उड़ान के समय में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। एयरलाइन की सेवा शुरू होने के समय दोपहर वाली उड़ान दिल्ली से 12:55 बजे रवाना होकर 2:10 बजे हलवारा पहुंचती थी और वापसी में 2:40 बजे उड़ान भरती थी।

### कनेक्टिंग उड़ानों में सुविधा

नए समय से दिल्ली पहुंचने वाले यात्रियों को वहां से आगे की उड़ानों के लिए अपेक्षाकृत अधिक समय मिलेगा। नियमित यात्रियों ने भी बदलाव का स्वागत किया है। खासकर मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए दिल्ली से आगे की उड़ान लेने वाले यात्रियों को इससे कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने में सुविधा होने की उम्मीद है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि हलवारा से आने वाले महीनों में और उड़ानें शुरू की जानी चाहिए। प्रशासन की ओर से हवाई अड्डे के प्रतिबंधित परिचालन समय को बढ़ाने का अनुरोध भी किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए निगम बना मानदेय में सात हजार रुपये तक की बढ़ोतरी

## मुख्यमंत्री योगी बोले: 'बीमारू' छवि पीछे छोड़ शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचा प्रदेश

**3.5 लाख से अधिक कर्मियों को समय पर वेतन, ईपीएफ-ईएसआई और दुर्घटना बीमा का लाभ**

एजेंसी | लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों और संस्थानों में आउटसोर्स के माध्यम से काम कर रहे 3.5 लाख से अधिक कर्मचारियों की सेवा व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस) शुरू किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में निगम के पोर्टल और वेबसाइट का शुभारंभ किया तथा इसका लोगो जारी किया। इस मौके पर आउटसोर्स कर्मचारियों को बढ़े हुए मानदेय के चेक भी वितरित किए गए। नई व्यवस्था में कर्मचारियों के मानदेय में अधिकतम सात हजार रुपये महीने तक की बढ़ोतरी की गई है।

सरकार के मुताबिक, निगम के जरिये आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, तैनाती, उपस्थिति और वेतन भुगतान का एकीकृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। अभी यह जानकारी अलग-अलग विभागों और एजेंसियों के स्तर पर रहती है। नए पोर्टल से कर्मचारियों और सरकार दोनों को सेवा से जुड़ी जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी। इससे भुगतान और कर्मचारियों की तैनाती की निगरानी भी आसान होगी। नई व्यवस्था में कर्मचारियों को हर महीने की पांच तारीख तक वेतन उपलब्ध कराने, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

### नौकरी की सुरक्षा पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई व्यवस्था में आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मनमाने ढंग से वेतन में कटौती या सेवा समाप्त करने जैसी शिकायतों पर निगरानी बढ़ेगी। सरकार का कहना है कि निगम बनने से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और कर्मचारियों को उनके काम का भुगतान सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा।

### परिवारों को भी लाभ

योगी ने कहा कि निगम से केवल 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों समेत करीब 17 से 20 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में स्थायी, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार ने उनकी सेवा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में यह कदम उठाया है।

# सैनी सरकार हरियाणा के 582 गांवों में बनाएगी विलेज नॉलेज सेंटर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं उनके गांव के करीब उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के 582 गांवों में 'विलेज नॉलेज सेंटर' स्थापित करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई स्टेट फाइनेंस कमेटी की बैठक में नाबार्ड के सहयोग से यह प्रस्ताव रखा गया।

परियोजना पर 514.53 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को वित्तीय मंजूरी प्राथमिकता के आधार पर जल्द देने के निर्देश दिए हैं। केंद्रों को 'ऑल-इन-वन' सहायता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां विकास एवं पंचायत विभाग के साथ अन्य विभागों के अधिकारी भी उपलब्ध रहेंगे। केंद्र में बैठक कक्ष, सरपंच कार्यालय, कॉमन सर्विस सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी और केयरटेकर कक्ष जैसी सुविधाएं होंगी।

# म्यांमार में शांति, स्थिरता व राष्ट्रीय सुलह चाहता है भारत, साझेदार बनने के लिए तैयार : बिरला

## लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग देगा भारतः लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी | नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत म्यांमार में शांति, स्थिरता और राष्ट्रीय सुलह की प्रक्रिया को आगे बढ़ते देखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में म्यांमार का मजबूत और भरोसेमंद साझेदार बनने के लिए तैयार है।

बिरला ने यह बात भारत आए म्यांमार के संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कही। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. प्यिंट सान ने किया।

बिरला ने कहा कि भारत और म्यांमार के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत और बौद्ध संबंध हैं। म्यांमार भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट' और हिंद-प्रशांत नीतियों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। दोनों देशों के संबंध राजनीति और सुरक्षा के साथ व्यापार, निवेश, संपर्क, विकास तथा मानवीय सहायता जैसे क्षेत्रों तक फैले हैं।

म्यांमार का प्रतिनिधिमंडल भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संसदीय कामकाज से जुड़े क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने आया है। यह कार्यक्रम संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान फॉर डेमोक्रेसीज के तहत आयोजित किया जा रहा है। बिरला ने भारत के संसदीय अनुभव, नियमों और प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक परंपराओं को साझा करने की पेशकश की।

बिरला ने म्यांमार में हाल में हुए चुनावों का भी उल्लेख किया। वहां दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच तीन चरणों में राष्ट्रीय संसद तथा राज्य और क्षेत्रीय विधानसभाओं के चुनाव हुए थे। उन्होंने आनुपातिक प्रतिनिधित्व और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के इस्तेमाल को चुनावी व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव बताया।

# उत्तराखंड के मदरसों में एआई और इनोवेशन की होगी पढ़ाई

## 26 शिक्षण संस्थानों को मान्यता प्रमाण-पत्र

एजेंसी | देहरादून



उत्तराखंड में मदरसा शिक्षा को आधुनिक तकनीक और मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने की दिशा में सरकार ने एक और कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 26 अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को मान्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

सरकार के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थानों में विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ विज्ञान, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इनोवेशन से जुड़े विषयों से परिचित कराने पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय में केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और नए कौशल की जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे आगे की पढ़ाई और रोजगार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। उन्होंने आधुनिक शिक्षा को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया।

**नई शिक्षा व्यवस्था लागू:** उत्तराखंड में एक जुलाई से मदरसा बोर्ड को समाप्त कर राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण की व्यवस्था लागू की गई है। अब मदरसों और अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्राधिकरण से मान्यता लेनी होगी।

बैठक | आरजीपीवी के पुनर्गठन से क्षेत्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा का विस्तार

# मध्य प्रदेश में तीन प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालयों को मंजूरी

**41 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास प्रस्तावों पर मुहर**

एजेंसी | भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार ने तकनीकी और कौशल शिक्षा को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के पुनर्गठन को मंजूरी देते हुए भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तीन प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

सरकार के अनुसार इससे तकनीकी संस्थानों का प्रशासन बेहतर होगा और विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र के करीब उच्च एवं कौशल शिक्षा के अधिक अवसर मिल सकेंगे। मौजूदा भोपाल परिसर को मध्य भारत प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय, उज्जैन को मालवा प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय और जबलपुर को महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। तकनीकी संस्थानों को क्षेत्र के अनुसार इन विश्वविद्यालयों से जोड़ा जाएगा। नई व्यवस्था के लिए अलग-अलग कानून बनाने की भी तैयारी है।

सरकार ने बताया कि मौजूदा आरजीपीवी से 585 संस्थान और 3.83 लाख से अधिक विद्यार्थी जुड़े हैं। बैठक में पश्चिम भोपाल बायपास के 35.61 किलोमीटर लंबे चार लेन मार्ग को पेव्ड शोल्डर के साथ बनाने के लिए 3,225.51 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित स्वीकृति दी गई। मेहलुआ-बीना-खिमलासा-मालथौन मार्ग के लिए भी मंजूरी दी गई है। सरकार के मुताबिक इन परियोजनाओं से औद्योगिक और क्षेत्रीय आवागमन को गति मिलेगी।

### स्वास्थ्य उपकरणों का रखरखाव

स्वास्थ्य संस्थानों में मशीनों और उपकरणों के रखरखाव के लिए 488.41 करोड़ रुपये तथा चिकित्सा संस्थानों की अन्य परिसंपत्तियों के संधारण के लिए 915.77 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इससे खराब या अनुपयोगी उपकरणों की समय पर मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।

### ग्रामीण योजना में जवाबदेही

*मंत्रिमंडल ने ग्रामीण रोजगार योजना के तहत हर जिले में लोकपाल नियुक्त करने के प्रावधान को भी मंजूरी दी है। योजना में ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रावधान है। सरकार का कहना है कि डिजिटल निगरानी और लोकपाल व्यवस्था से योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी।*

# नगर निकाय चुनाव: सभी निगमों में रोड शो करेंगे भजनलाल शर्मा

## राजस्थान में भाजपा का चुनावी अभियान तेज

**5 सितंबर से अंतिम दिन तक रोज दो-तीन निकायों में प्रचार की तैयारी**

एजेंसी | जयपुर



राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनावी अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश संगठन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सभी नगर निगम क्षेत्रों में रोड शो कराने की तैयारी में है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत पांच सितंबर से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक मुख्यमंत्री एक दिन में दो से तीन नगरीय निकायों में रोड शो कर सकते हैं।

पार्टी संगठन स्तर पर इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। भाजपा ने इससे पहले सभी 309 नगरीय निकायों तक प्रचार पहुंचाने के लिए प्रचार रथ भी रवाना किए हैं। इन रथों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। चुनाव में रोजगार, युवा, महिला, किसान, शहरी सुविधाएं और विकास पार्टी के प्रमुख मुद्दे हैं।

भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए पांच वर्ष का 'नगरीय विकास संकल्प पत्र-2026' जारी किया है। इसमें एक लाख आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने, सात लाख से अधिक घरों तक पाइप्ड प्राकृतिक गैस कनेक्शन पहुंचाने, 15 लाख स्ट्रीट लाइट लगाने और पुरानी सीवर लाइनों के सुधार का लक्ष्य रखा गया है।

## पंजाब, चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला तक कई मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की अलग पहचान

# कृष्ण भक्ति के अनूठे पड़ावः कहीं प्राचीन दंतकथाएं, कहीं आधी रात का जन्मोत्सव

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेषः जालंधर का तुलसी मंदिर और होशियारपुर का राम टटवाली प्राचीन कृष्ण परंपरा से जुड़े

समर न्यूज़ | जालंधर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर पंजाब, चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के मंदिरों में भक्ति का रंग अलग-अलग रूपों में दिखाई देता है। कहीं बाल गोपाल को झूला झुलाने की परंपरा प्रमुख है तो कहीं आधी रात को अभिषेक, संकीर्तन और विशेष भोग के साथ जन्मोत्सव मनाया जाता है।

इन क्षेत्रों में कुछ ऐसे प्राचीन धार्मिक स्थल भी हैं, जहां कृष्ण से जुड़ी प्रतिमाएं, भित्तिचित्र या वैष्णव परंपराएं मिलती हैं। कई मंदिरों के साथ कृष्ण के जीवन की कोई स्थानीय ऐतिहासिक घटनाएं जुड़ी हैं। इन मंदिरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां कृष्ण भक्ति केवल एक पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है।

कहीं विष्णु-वृंदा की कथा से वैष्णव परंपरा जुड़ती है, कहीं पुरातात्विक प्रतिमाएं कृष्ण उपासना की प्राचीनता का संकेत देती हैं और कहीं आधुनिक वैष्णव संप्रदायों ने जन्माष्टमी को विशिष्ट स्वरूप दिया है। स्थानीय दंतकथाएं श्रद्धा और सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा हैं, जबकि किसी स्थल की ऐतिहासिक प्राचीनता तय करने के लिए पुरातात्विक और दस्तावेजी प्रमाण अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।

सामान्य कृष्ण मंदिरों में आधी रात जन्मोत्सव, पालना झुलाना, पंचामृत अभिषेक, भोग और आरती आम हैं, लेकिन चंडीगढ़ के इस्कॉन में 108 कलश अभिषेक और 108 दीपदान, गौड़ीय मठ में वैष्णव भक्ति-केंद्रित आयोजन, मोहाली में दही-हांडी और पंचकूला में नंदोत्सव और कृष्ण लीला की झांकियां इस क्षेत्र की अलग पहचान बनाती हैं।



**▪ जालंधर का तुलसी मंदिर और कृष्ण परंपराः** *जालंधर का प्राचीन तुलसी मंदिर मूल रूप से वृंदा से जुड़ा धार्मिक स्थल माना जाता है। जिला प्रशासन के अनुसार यह मंदिर जालंधर नामक असुर की पत्नी वृंदा को समर्पित प्राचीन स्मारक है और इसके पास स्थित तालाब को जालंधर के स्नान स्थल से जोड़ा जाता है। वृंदा की कथा भगवान विष्णु से जुड़ती है और वैष्णव परंपरा में विष्णु के कृष्ण रूप तक इसका धार्मिक संबंध माना जाता है। स्थानीय धार्मिक मान्यता में तुलसी को विष्णु-कृष्ण की पूजा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इसीलिए यह मंदिर सीधे कृष्ण जन्मस्थली से जुड़ा न होते हुए भी कृष्ण भक्ति की व्यापक वैष्णव परंपरा को समझने का महत्वपूर्ण केंद्र है। जालंधर का गीता मंदिर सीधे भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित प्रमुख मंदिरों में है। यहां राधा-कृष्ण की प्रतिमा के साथ भगवद्गीता के संदेश को विशेष महत्व दिया जाता है। मंदिर स्वतंत्रता से पहले के दौर से जुड़ा बताया जाता है और जन्माष्टमी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जालंधर का तुलसी मंदिर प्राचीन धार्मिक स्थल है। वह मूलतः वृंदा की परंपरा से संबंधित है।*

**▪ होशियारपुर के प्राचीन निशानः** *होशियारपुर के ढोलबाहा की पुरातात्विक विरासत कृष्ण परंपरा को एक अलग आधार देती है। सरकारी पुरातात्विक अभिलेखों में यहां से कृष्ण की प्रतिमा दर्ज है। ढोलबाहा क्षेत्र में मंदिरों के अवशेष भी मिले हैं और जिला प्रशासन इसे लगभग 700 से 1200 ईस्वी के बीच महत्वपूर्ण मंदिर-नगर के रूप में वर्णित करता है। इसी क्षेत्र के राम टटवाली के बैरागी मंदिर में राधा-कृष्ण और गोवर्धन लीला से जुड़े पुराने भित्तिचित्र मिलते हैं। यह परिसर महाराजा रणजीत सिंह के दौर में संरक्षण से जुड़ा बताया जाता है। इसलिए इसे कृष्ण की किसी ऐतिहासिक घटना का स्थल कहने के बजाय कृष्ण भक्ति और कला की पुरानी परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र कहना अधिक उचित है। ढोलबाहा व्यापक पुरातात्विक महत्व रखता है, जहां प्राचीन मंदिर अवशेषों के साथ कृष्ण की प्रतिमा मिली है। राम टटवाली का बैरागी मंदिर 19वीं शताब्दी की वैष्णव कला और कृष्ण लीला के भित्तिचित्रों के कारण महत्वपूर्ण है।*

**▪ अमृतसर में आधी रात का उल्लासः** *अमृतसर का दुर्गियाना मंदिर मुख्य रूप से मां दुर्गा का मंदिर है, लेकिन यहां लक्ष्मी-नारायण की पूजा भी होती है और जन्माष्टमी प्रमुख पर्वों में शामिल है। मंदिर के वर्तमान स्वरूप का निर्माण 20वीं शताब्दी में हुआ, जबकि स्थल की धार्मिक परंपरा इससे पुरानी मानी जाती है। अमृतसर में पंचरतन श्री कृष्ण मंदिर और अन्य राधा-कृष्ण मंदिरों में भी जन्माष्टमी पर रात तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। 2026 के लिए अमृतसर में वैष्णव परंपरा के अनुसार 4 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी और अगले दिन नंदोत्सव निर्धारित है।*

**▪ चंडीगढ़ में 108 कलश और दीपदानः** *चंडीगढ़ का इस्कॉन मंदिर, सेक्टर-36 जन्माष्टमी की अपनी विशिष्ट वैष्णव परंपराओं के कारण अलग पहचान रखता है। 2026 के कार्यक्रम में 108 कलश अभिषेक, 108 दीपदान, नगर*




*संकीर्तन, अखंड भजन-कीर्तन और रात में राधा-माधव का अभिषेक शामिल है। यह सामान्य मंदिरों में होने वाली केवल मध्यरात्रि आरती से कहीं विस्तृत आयोजन है। सेक्टर-20 का श्री चैतन्य गौड़ीय मठ भी चंडीगढ़ में कृष्ण भक्ति का प्रमुख केंद्र है। यहां जन्माष्टमी पर कृष्ण लीला और वैष्णव भक्ति पर आधारित कार्यक्रम होते रहे हैं।*

**▪ मोहाली-पंचकूला में झांकियां और नंदोत्सवः** *मोहाली के फेज-2 स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर तथा शहर के अन्य मंदिरों में जन्माष्टमी पर बाल कृष्ण, राधा-कृष्ण, गोपियों और कृष्ण की बाल लीलाओं की झांकियां सजाई जाती हैं। मोहाली के वेव एस्टेट में जन्माष्टमी के दौरान दही-हांडी और प्रभात फेरी जैसी परंपराएं भी देखने को मिली हैं। पंचकूला में सेक्टर-12 स्थित इस्कॉन मंदिर में हरे कृष्ण-हरे राम संकीर्तन और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी प्रमुख आकर्षण रहती है। सेक्टर-2 के राम मंदिर में जन्माष्टमी के अगले दिन नंदोत्सव मनाने की परंपरा भी सामने आई है। सेक्टर-6 और अन्य मंदिरों में कृष्ण की बाल लीलाओं की झांकियां तथा राधा-कृष्ण का झूला सजाया जाता है।*

**▪ गोविंद गोधामः कृष्ण भक्ति के साथ गोसेवा का संदेशः** *लुधियाना-जालंधर बाईपास के पास प्रताप सिंहवाला में स्थित श्री गोविंद गोधाम भगवान श्रीकृष्ण और राधा-कृष्ण भक्ति के साथ गोसेवा के लिए भी जाना जाता है। मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण के अलावा अन्य देवी-देवताओं के मंदिर और बड़ी गौशाला है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार गोविंद गोधाम की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी। इस मंदिर की सबसे अलग विशेषता यह है कि यहां कृष्ण भक्ति और गोसेवा को एक साथ जोड़ा गया है। श्रद्धालु राधा-कृष्ण के दर्शन के बाद गौशाला में जाकर गायों को चारा खिलाते हैं। मंदिर परिसर की इसी परंपरा के कारण इसे केवल पूजा स्थल के बजाय गोसेवा से जुड़े धार्मिक परिसर के रूप में भी पहचान मिली है। कृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण की झांकियां भी उत्सव का आकर्षण रहती हैं। सामान्य कृष्ण मंदिरों में जहां जन्माष्टमी का केंद्र मध्यरात्रि जन्मोत्सव और अभिषेक रहता है, वहीं गोविंद गोधाम में दर्शन के साथ गोसेवा को विशेष महत्व मिलना इसकी अलग पहचान है। मंदिर परिसर में गायों के लिए बने आश्रय के कारण जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कृष्ण की गोपाल रूप की भावना को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का अवसर मिलता है।*

### पंजाब में 2027 से पहले नए सियासी समीकरणों की आहट

# जेन-जी में जीत का फार्मूला ढूंढ रहे भाजपा-शिअद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के बीच संभावित गठबंधन को लेकर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

इसकी ताजा वजह पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव का परिणाम है, जहां भाजपा से जुड़े अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

एबीवीपी के अंकित बिधान ने आम आदमी पार्टी समर्थित छात्र संगठन एएसएपी के आदिल बराड़ को करीब 500 वोटों के अंतर से हराया, जबकि कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई तीसरे स्थान पर रही। इस जीत से उत्साहित दोनों पार्टियां जेन-जी में जीत का फार्मूला ढूंढ रहीं हैं। चुनाव से एक दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के छात्र संगठन एसओआई ने एबीवीपी उम्मीदवार को समर्थन दिया था। एसओआई उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने के बाद हुआ यह तालमेल राजनीतिक रूप से इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भाजपा और अकाली दल लंबे समय तक पंजाब में सहयोगी रहे हैं। दोनों दलों ने 2020 में कृषि कानूनों के मुद्दे पर गठबंधन तोड़ लिया था।

अब 2027 चुनाव से पहले दोनों के बीच फिर नजदीकी के संकेत मिल रहे हैं। छात्र चुनाव के नतीजे को भाजपा पंजाब के युवा मतदाताओं में अपने प्रभाव के संकेत के रूप में देख रही है। पार्टी नेताओं ने इसे युवाओं और नई पीढ़ी के समर्थन से जोड़कर पेश किया है। हालांकि, भाजपा के पंजाब प्रभारी सतीश पूनिया ने फिर कहा है कि पार्टी 117 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। इससे साफ है कि गठबंधन

#### युवा वोट बैंक पर नजर

*पंजाब यूनिवर्सिटी का परिणाम भाजपा के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त जरूर है, लेकिन इसे पूरे पंजाब के मतदाताओं के रुझान का सीधा प्रमाण मानना जल्दबाजी होगी। विधानसभा चुनाव में ग्रामीण पंजाब, किसान, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, नशा, विकास और स्थानीय मुद्दों की भूमिका अधिक व्यापक होगी। वहीं अकाली दल की अपनी जमीनी पकड़ और पारंपरिक वोट आधार गठबंधन की स्थिति में अहम हो सकता है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सामने अब चुनौती भाजपा-अकाली संभावित तालमेल की काट तैयार करने की होगी। अगले कुछ महीनों में उम्मीदवार चयन, सीट बंटवारे और गठबंधन की औपचारिक घोषणा से पंजाब की चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होगी। फिलहाल छात्र राजनीति का यह परिणाम गठबंधन की संभावना को हवा दे रहा है, लेकिन 2027 की असली लड़ाई में इसे कितनी राजनीतिक बढ़त मिलती है, यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के मतदाताओं के रुख पर निर्भर करेगा।*

को लेकर अंतिम फैसला अभी सामने नहीं आया है। दूसरी ओर, राजनीतिक स्तर पर भाजपा और अकाली दल के बीच संभावित सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की खबरें सामने आती रही हैं। भाजपा अब पहले की तुलना में अधिक सीटों पर दावा चाहती है, जबकि अकाली दल पंजाब में अपनी पारंपरिक राजनीतिक भूमिका बनाए रखना चाहता है। ऐसे में मुख्यमंत्री पद और सीटों के बंटवारे का फार्मूला दोनों दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है।

# गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व पर पंजाब में 92 ड्रोन शो

### 500 ड्रोन ने दिखाया गुरु रविदास का जीवन और संदेश; सालभर चलेंगे धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम

समर न्यूज़ | फगवाड़ा

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार के सालभर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत फगवाड़ा में भव्य ड्रोन शो से हुई। बाबा गढ़िया स्टेडियम में हुए कार्यक्रम में 500 समन्वित ड्रोन ने आसमान में गुरु रविदास जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं से जुड़े दृश्य प्रस्तुत किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम देखा।

यह राज्य में प्रस्तावित 92 ड्रोन शो में पहला आयोजन था। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद के अनुसार, राज्यभर में होने वाले प्रत्येक ड्रोन शो में 500 से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा और करीब 25 से 30 मिनट की प्रस्तुति में गुरु रविदास जी की बाणी, जीवन और विचारों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रमों का



उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को गुरु रविदास जी के समानता, विनम्रता और भक्ति के संदेश से जोड़ना है। फगवाड़ा के बाद राज्य के अलग-अलग जिलों में ड्रोन शो आयोजित किए जाएंगे। जालंधर जिले में जालंधर शहर के अलावा नकोदर, शाहकोट, फिल्लौर, आदमपुर और करतारपुर में भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। कपूरथला जिले के विभिन्न उपमंडलों में भी आयोजन होंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम स्थलों पर यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल और स्वच्छता की व्यवस्था पर जोर दिया है। इन आयोजनों के साथ कीर्तन दरबार, विश्वविद्यालयों में संगोष्ठियां, स्कूल प्रतियोगिताएं और गुरु रविदास जी पर बनी वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। यह वृत्तचित्र पंजाब के करीब 3,500 गांवों में पहुंच चुका है। नवंबर में काशी, जम्मू, बठिंडा और फरीदकोट से चार शोभायात्राएं निकलेंगी, जो खुरालगढ़ साहिब पहुंचेंगी।

**▪ खुरालगढ़ में होगा समापन...** *सरकार ने 650वें प्रकाश पर्व से जुड़े आयोजनों के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। खुरालगढ़ साहिब में 147 करोड़ रुपये की लागत से गुरु रविदास स्मारक भी विकसित किया जा रहा है। सालभर चलने वाले कार्यक्रमों का समापन दिसंबर में खुरालगढ़ साहिब में तीन दिवसीय समारोह के साथ प्रस्तावित है।*

**▪ तकनीक से नई पीढ़ी तक संदेश...** *ड्रोन शो को केवल मनोरंजन कार्यक्रम के बजाय धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश को आधुनिक माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने की संभावना भी है। हालांकि, इन आयोजनों का दीर्घकालिक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रकाश पर्व के बाद भी खुरालगढ़ साहिब और गुरु रविदास से जुड़े अन्य स्थलों को नियमित धार्मिक पर्यटन से कितनी मजबूती से जोड़ा जाता है।*

# पंजाब की अर्थव्यवस्था को मिल रहा कर संग्रह का सहारा

### अगस्त में शुद्ध जीएसटी राजस्व 11.84 प्रतिशत बढ़ा, एसजीएसटी नकद संग्रह में 18.77 प्रतिशत उछाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब की अर्थव्यवस्था के लिए जीएसटी संग्रह के ताजा आंकड़े राहत देने वाले हैं। अगस्त में राज्य का शुद्ध जीएसटी राजस्व 2,406.33 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के 2,151.63 करोड़ रुपये से 11.84 प्रतिशत अधिक है। इससे राज्य के खजाने में 254.70 करोड़ रुपये अतिरिक्त आए।

इससे भी महत्वपूर्ण संकेत राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) के नकद संग्रह से मिला, जो 750.37 करोड़ रुपये से बढ़कर 891.24 करोड़ रुपये हो गया। यानी इसमें 18.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। अप्रैल से अगस्त के बीच पंजाब का सकल जीएसटी राजस्व 12,861.42 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10,971.62 करोड़ रुपये था। इस तरह पांच महीने में संग्रह करीब 1,890 करोड़ रुपये बढ़ा है। जुलाई में भी सकल जीएसटी संग्रह 2,614 करोड़ रुपये रहा था। वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सकल जीएसटी संग्रह 7,833.45 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले यह 6,294.57 करोड़ रुपये था।

जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि को केवल कर विभाग की कार्रवाई का परिणाम मानना पूरी तस्वीर नहीं होगी। जीएसटी कारोबार, खपत और औपचारिक अर्थव्यवस्था में हो रही गतिविधियों का भी संकेतक है। पंजाब में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य के आर्थिक आकलन के अनुसार 2025-26 में सेवा क्षेत्र की वृद्धि 8.4 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि कृषि क्षेत्र में 2.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान रहा, जिससे स्पष्ट है कि राज्य की अर्थव्यवस्था की मजबूती अभी सभी क्षेत्रों में समान नहीं है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट में सकल राज्य घरेलू उत्पाद यानी जीएसडीपी की मौजूदा कीमतों पर 10 प्रतिशत वृद्धि का



अनुमान लगाया है। राज्य के अपने कर राजस्व का लक्ष्य 70,851 करोड़ रुपये रखा गया है। इसमें एसजीएसटी सबसे बड़ा स्रोत है और इससे 32,000 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है, जो पिछले संशोधित अनुमान से करीब 19 प्रतिशत अधिक है।

**▪ कर चोरी पर कार्रवाई से बढ़ा संग्रहः** *संग्रह में उछाल के पीछे कर अनुपालन बेहतर होना और फर्जी बिलिंग पर कार्रवाई भी अहम कारण हैं। राज्य सरकार के अनुसार फर्जी बिलिंग नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई, पुराने कर बकाये की वसूली और विभागीय निगरानी से राजस्व बढ़ा है। पंजाब में फर्जी जीएसटी फर्मों और ई-वे बिल के जरिये कर चोरी के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। ऐसे मामलों पर कार्रवाई से वास्तविक कारोबार और कर भुगतान को औपचारिक व्यवस्था में लाने में मदद मिलती है। यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना जरूरी है। सीजीएसटी और एसजीएसटी में वृद्धि को एक ही चीज नहीं माना जा सकता। राज्य के खजाने पर सीधा असर एसजीएसटी और आईजीएसटी के राज्य हिस्से से पड़ता है, जबकि सीजीएसटी केंद्र सरकार का हिस्सा है। अगस्त में पंजाब के एसजीएसटी नकद संग्रह में 18.77 प्रतिशत वृद्धि हुई। केंद्र और राज्यों के बीच आईजीएसटी के निपटारे के बाद राज्य को मिलने वाला एसजीएसटी हिस्सा भी राजस्व की तस्वीर को प्रभावित करता है। अगस्त में पंजाब का निपटारे के बाद एसजीएसटी हिस्सा करीब 2,484 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के करीब 2,263 करोड़ रुपये से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है।*

**▪ खजाने पर सकारात्मक असरः** *राजस्व बढ़ने का सीधा लाभ पंजाब सरकार की वित्तीय स्थिति पर पड़ सकता है। अधिक कर संग्रह से सरकार को वेतन, पेंशन, सामाजिक योजनाओं और विकास कार्यों के लिए अपने संसाधनों पर अधिक भरोसा मिलता है तथा उधारी पर निर्भरता कुछ हद तक घट सकती है। हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि राज्य की वित्तीय चुनौतियां समाप्त हो गई हैं। 2026-27 में पंजाब का राजस्व घाटा 21,955 करोड़ रुपये और राजकोषीय घाटा 39,971 करोड़ रुपये रहने का बजटीय अनुमान है। राज्य के बजट में 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय 18,381 करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले संशोधित अनुमान से 76 प्रतिशत अधिक है। यदि बढ़ा हुआ कर राजस्व इस तरह के पूंजीगत खर्च को सहारा देता है तो इसका सड़क, परिवहन, शहरी ढांचे और अन्य उत्पादक क्षेत्रों पर दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। इससे रोजगार और निजी निवेश को भी गति मिलने की संभावना बनती है।*

**▪ आगे की तस्वीरः** *आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रह की यही रफ्तार बनी रहती है तो पंजाब के लिए यह वित्तीय मजबूती का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। देश की अर्थव्यवस्था ने भी अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिसमें निजी निवेश, विनिर्माण और घरेलू खपत का योगदान रहा। राष्ट्रीय स्तर की यह मजबूती पंजाब के कारोबार और कर संग्रह के लिए भी अनुकूल माहौल बना सकती है। पंजाब के सामने बड़ी चुनौती कर संग्रह की वृद्धि को वास्तविक आर्थिक विस्तार में बदलने की होगी। कृषि क्षेत्र की कमजोरी, राज्य पर ऊंचा कर्ज, ब्याज भुगतान और सब्सिडी का दबाव अभी भी बड़ी वित्तीय चुनौतियां हैं। इसलिए जीएसटी में तेज बढ़ोतरी तभी टिकाऊ आर्थिक उपलब्धि मानी जाएगी, जब इसके साथ उद्योग, कृषि-प्रसंस्करण, निर्यात, रोजगार और निजी निवेश में भी निरंतर वृद्धि दिखाई दे। फिलहाल आंकड़े यह संकेत जरूर दे रहे हैं कि पंजाब की औपचारिक अर्थव्यवस्था और कर अनुपालन दोनों में सुधार की दिशा बनी हुई है।*

# अंबाला में जन्माष्टमी की धूम, मंदिरों की भव्य सजावट से बाजारों तक बढ़ी रौनक

**अंकुर कपूर | अंबाला**
**समर न्यूज़**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर अंबाला के मंदिरों और बाजारों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। चार सितंबर को मनाए जाने वाले जन्माष्टमी पर्व से पहले शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालु भी मंदिरों की सजावट और अन्य व्यवस्थाओं में सेवा भाव से जुटे हुए हैं। वहीं, बाजारों में लड्डू गोपाल की प्रतिमाओं, पोशाकों, श्रृंगार सामग्री और पूजा से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ गई है। अंबाला के ऐतिहासिक सनातन धर्म मंदिर में भी जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं।

मंदिर परिसर को फूलों और विभिन्न सजावटी वस्तुओं से सजाया गया है। श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया है। मंदिर के पुजारी बुद्धि वल्लभ शास्त्री ने बताया कि चार सितंबर को जन्माष्टमी का पर्व मंदिर





में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिन विशेष योग होने के कारण श्रद्धालुओं में भी पर्व को लेकर उत्साह है। मंदिर के पदाधिकारी राजेश गुप्ता के अनुसार सनातन धर्म मंदिर काफी प्राचीन है। वर्ष 1934 में निर्मित इस मंदिर की अंबाला में विशेष मान्यता है। जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चार सितंबर की शाम छह बजे के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे, जिसके बाद लोग मंदिर में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुसार यहां हर वर्ष जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहता है। जन्माष्टमी से पहले मंदिर की विशेष सजावट की जाती है। फूलों से आकर्षक झांकियां तैयार की जाती हैं, जिनके लिए राजस्थान से भी फूल मंगवाए जाते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि झांकियां और मंदिर की सजावट लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहती हैं। जन्माष्टमी को लेकर अंबाला के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं के लिए रंग-बिरंगी पोशाकें, मुकुट, आभूषण, श्रृंगार सामग्री और पूजा का सामान उपलब्ध है। लोग अपने घरों के मंदिरों को सजाने के लिए सामान खरीद रहे हैं। पिछले करीब 20 वर्षों से श्रीकृष्ण की पूजा और श्रृंगार सामग्री बेच रही एक महिला दुकानदार ने बताया कि जन्माष्टमी से कई दिन पहले ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगती है।

लोग अपने लड्डू गोपाल को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए अलग-अलग पोशाक और श्रृंगार सामग्री खरीद रहे हैं। पर्व को लेकर दुकानदारों के साथ-साथ श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# सफाई कर्मचारियों के प्रदर्शन से हालात गंभीर, अन्य कर्मचारी भी आए समर्थन में

## फरुखनगर में सफाई कर्मचारियों का हंगामा, नगर पालिका कार्यालय में डाला कूड़ा

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

फरुखनगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह नगर पालिका कार्यालय परिसर में कूड़ा डालकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था और अपनी मांगों को लेकर रोष जताते हुए कार्यालय में नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका कार्यालय में काफी देर तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।

सफाई कर्मचारियों के विरोध के बीच ठेकेदार की ओर से सफाई व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया गया। इसके लिए निजी कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर कूड़ा उठवाने का काम



शुरू कराया गया। इससे प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ गई। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी ओर से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि दूसरी तरफ निजी कर्मचारियों से सफाई का काम कराया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम भी नगर पालिका कार्यालय पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रदर्शन कर रहे कई सफाई कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने 34 सफाई कर्मचारियों को एक बस में बैठाया और अपने साथ ले गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद नगर पालिका कार्यालय परिसर में कर्मचारियों के प्रदर्शन का माहौल बदल गया। कर्मचारियों की हिरासत के चलते मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। वहीं, ठेकेदार द्वारा निजी कर्मचारियों से कूड़ा उठवाने का काम जारी रखा गया।

फरुखनगर नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों के विरोध और पुलिस की कार्रवाई के बाद मामला चर्चा में है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में कूड़ा डालकर अपना विरोध दर्ज कराया। फिलहाल उपलब्ध जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा 34 सफाई कर्मचारियों को हिरासत में लेकर अपने साथ ले जाने की कार्रवाई की गई है।

## सोनीपत एसटीएफ की कमान इंस्पेक्टर अजय धनखड़ को

**समर न्यूज़ | सोनीपत**

गैंगस्टरों और संगठित अपराध के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए हरियाणा एसटीएफ



सोनीपत की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ को सौंपी गई है। पहले धनखड़ हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सोनीपत यूनिट प्रभारी पद पर सेवाएं दे रहे थे।

चार साल तक एंटी गैंगस्टर यूनिट में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके धनखड़ को कुख्यात अपराधियों की धरपकड़ और ऑपरेशनल कार्रवाई का लंबा अनुभव है। पुलिस सेवा के दौरान अजय धनखड़ के नाम 22 एनकाउंटर और सात मोस्ट वांटेड अपराधियों को पकड़ने का रिकॉर्ड बताया जाता है। पुलिस सेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें डीजी स्तर से लेकर जिला स्तर तक कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

# फरीदाबाद में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में कई विभागों ने ठप किया काम

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

फरीदाबाद में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में गुरुवार को कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भी कामकाज बंद रखा। सफाई कर्मचारियों के समर्थन में कर्मचारियों के एकजुट होने से शहर की सरकारी सेवाओं पर भी असर पड़ने की स्थिति बन गई है। वहीं, बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर सफाई कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई। घटना के दौरान मौके पर काफी हंगामा हुआ।

बताया जा रहा है कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पिछले कई दिनों से जारी है। हड़ताल के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। गुरुवार को



सफाई कर्मचारियों के समर्थन में कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भी कामकाज ठप रखने का फैसला किया। कर्मचारियों के इस कदम से विभिन्न विभागों में आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल के चलते पहले से प्रभावित सफाई व्यवस्था के बीच अब अन्य विभागों के कर्मचारियों के काम से दूर रहने से प्रशासन के सामने स्थिति को सामान्य बनाए रखने की चुनौती बढ़ गई है। इसी बीच बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर सफाई कर्मचारियों और पुलिस के बीच विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बन गई। सफाई कर्मचारियों ने मौके पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। कूड़े को लेकर कर्मचारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी रही। फिलहाल सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहने से फरीदाबाद में सफाई व्यवस्था प्रभावित है। शहर के कई हिस्सों में कूड़ा जमा होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

# जिम से निकलते ही फाइनेंस कारोबारी की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

## यमुनानगर में बेखौफ अपराधी, वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार

**समर न्यूज़ | यमुनानगर**

हरियाणा के यमुनानगर में ट्रांसपोर्ट और फाइनेंस कारोबार से जुड़े व्यवसायी हरभजन सिंह उर्फ यदि की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात उस समय हुई जब हरभजन सिंह वर्कआउट करने के बाद जिम से बाहर निकलकर अपनी कार में बैठ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने बेहद करीब से हरभजन सिंह को निशाना बनाया और उनके सिर में कई गोलियां दाग दीं। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। गोली लगने के बाद हरभजन सिंह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े और उन्होंने घटनास्थल



पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस की वरिष्ठ टीमें और फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान घटनास्थल से गोलियों के खाली खोल भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी है। साथ ही जिम और आसपास की इमारतों तथा मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान और उनके फरार होने के रास्ते का पता लगाया जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। हत्या के पीछे के कारणों और हमलावरों की पहचान को लेकर जांच जारी है। पुलिस टीमें आरोपियों तक पहुंचने के लिए जुटी हुई हैं।

## यमुनानगर के हथिनीकुंड बैराज पर हादसा: बहे दोनों जवानों के शव बरामद

**समर न्यूज़ | यमुनानगर**

हथिनीकुंड बैराज पर सैन्य अभ्यास के दौरान यमुना नदी के तेज बहाव में लापता हुए भारतीय सेना के दोनों जवानों के पार्थिव शरीर बरामद कर लिए गए हैं। एक जवान का शव देर रात उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में बरथा गांव के पास यमुना नदी से बरामद हुआ। दूसरे जवान का शव भी कुछ दूरी से मिला।

मंगलवार शाम हथिनीकुंड बैराज के अपस्ट्रीम क्षेत्र में पैरा स्पेशल फोर्स के जवान वाटरमैनशिप और बाढ़ राहत-बचाव का नियमित अभ्यास कर रहे थे। मोटर बोट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और उसका इंजन बंद हो गया। बोट अपना संतुलन खो बैठी और पलट गई। दो जवान तेज बहाव में बह गए और लापता हो गए थे। हादसे के बाद सैन्य और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है।

# गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप





**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

गुरुग्राम के सेक्टर-34 स्थित नगर निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को हड़कंप मच गया।

धमकी भरा ई-मेल मिलने की सूचना मिलते ही निगम कार्यालय को खाली कराया गया। इसके साथ ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को मामले की जानकारी दी गई। सूचना के बाद पुलिस तथा बम निरोधक दस्ते की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे परिसर की गहन जांच शुरू कर दी। धमकी भरा ई-मेल सीधे गुरुग्राम नगर निगम आयुक्त कार्यालय के आधिकारिक ई-मेल पते पर भेजा गया था। बताया जा रहा है कि ई-मेल में कई स्थानों पर विस्फोट करने की धमकी के साथ आपत्तिजनक संदेश भी लिखे गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ई-मेल की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि संदेश कहां से भेजा गया तथा इसके पीछे कौन है।

धमकी मिलने के बाद नगर निगम कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों को परिसर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद सुरक्षा टीमों ने कार्यालय के अलग-अलग हिस्सों, आसपास के क्षेत्र और संदिग्ध स्थानों की जांच शुरू की। एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई।

गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय को इस तरह की धमकी पहले भी मिल चुकी है। जून 2026 में भी ई-मेल के जरिए निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस समय भी सेक्टर-34 स्थित कार्यालय को खाली कराया गया था और सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर की तलाशी ली थी। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई थी।

## पिहोवा लूटकांड: पुलिस हिरासत से भागने लगा आरोपी, पैर में लगी गोली

**समर न्यूज़ | पिहोवा**

पिहोवा में दो लाख रुपये की लूट के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी ने पुलिस हिरासत से फरार होने की कोशिश की। पुलिस के रोकने पर आरोपी नहीं रुका, जिसके बाद पुलिस ने गोली चला दी। गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, शाम पिहोवा में सतपाल सिंह नामक व्यक्ति से दो लाख रुपये की लूट हुई थी। बाइक सवार तीन बदमाशों ने सतपाल सिंह को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उनके पास मौजूद नकदी लेकर फरार हो गए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने बुधवार शाम हरिद्वार से तीन आरोपियों अभिषेक, आशीष और अंकित को गिरफ्तार किया था। पुलिस तीनों आरोपियों को हरिद्वार से कुरुक्षेत्र लेकर आ रही थी।

## बाबा रामेश्वरदास मंदिर से प्रतिमा हटाने पर विवाद, ट्रस्ट प्रधान समेत 6 पर केस

**समर न्यूज़ | नारनौल**

महेंद्रगढ़ जिले के निजामपुर थाना क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवास नौ स्थित प्रसिद्ध बाबा रामेश्वरदास मंदिर में प्राचीन आदमकद प्रतिमा हटाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने ट्रस्ट प्रधान सुरेश केडिया समेत छह नामजद लोगों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।





ओमप्रकाश गुप्ता ने शिकायत में बताया कि 2 सितंबर को मंदिर के सभी गेट बंद कर श्रद्धालुओं को बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद बाबा रामेश्वरदास की समाधि पर स्थापित प्राचीन आदमकद प्रतिमा को हटाकर वाहन में ले जाया गया।

## नांगल चौधरी में जोहड़ में मिला पूर्व सरपंच का शव, मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

**समर न्यूज़ | महेंद्रगढ़**

नांगल चौधरी कस्बे के अकड़ बम जोहड़ में गुरुवार सुबह पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी मालाराम चौधरी का शव पानी में तैरता मिला। ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को जोहड़ से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम







के लिए नारनौल के अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मालाराम चौधरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पूर्व सरपंच का शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग जोहड़ के पास जमा हो गए। मालाराम चौधरी के निधन की सूचना से उनके परिचितों और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस ने घटनास्थल से जानकारी जुटाने के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों ने अकड़ बम जोहड़ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

## पानीपत में पार्षद कार्यालय के बाहर विवाद फायरिंग में एक घायल; दो के साथ मारपीट

**समर न्यूज़ | पानीपत**

नूरवाला क्षेत्र की गीता कॉलोनी में देर रात पार्षद कार्यालय के बाहर चौक पर खड़े होने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला करने के बाद गोली चला दी, जिससे एक युवक घायल हो गया। वहीं दो अन्य लोगों को भी लाठी-डंडों से पीटकर



घायल कर दिया गया। देर रात पार्षद कार्यालय के बाहर चौक पर कुछ लोग खड़े थे। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों ने लखन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावरों ने ईशम पांचाल और प्रिंस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों भी घायल हो गए।

गोली चलने और मारपीट की घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को संभाला और उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।

# धौज स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर गर्भवती की डिलीवरी, स्टाफ नदारद, सेवाओं पर सवाल

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

धौज स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। यहां प्रसव के लिए पहुंची एक गर्भवती महिला की स्वास्थ्य केंद्र के गेट के सामने ही डिलीवरी हो गई। बताया जा रहा है कि जिस समय महिला को परिजन स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, उस दौरान मौके पर कोई डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी या अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था।

ऐसे में परिजनों और ग्रामीण महिलाओं ने ही प्रसव कराने की जिम्मेदारी संभाली। परिजनों का आरोप है कि समय पर स्वास्थ्यकर्मियों की मदद नहीं मिलने के कारण उन्हें खुद ही स्थिति



संभालनी पड़ी। इस घटना को लेकर परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। हालांकि, मामले को लेकर अभी तक स्वास्थ्य विभाग के पास कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। घटना सामने आने के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

▪ **इससे पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला:** फरीदाबाद के सेक्टर-3 स्थित प्रजनन एवं स्वास्थ्य केंद्र में भी कुछ महीने पहले इसी तरह की घटना सामने आई थी। उस समय गर्भवती महिला को परिजन स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे, लेकिन केंद्र का गेट अंदर से बंद था और परिसर में अंधेरा था। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे, लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। आखिरकार परिजनों ने टॉर्च की रोशनी में ही महिला का प्रसव कराया था।

इस मामले में परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में शिकायत दी थी। जांच के बाद अनुबंध के तहत कार्यरत एक कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। हालांकि, कर्मचारी यूनियन के हस्तक्षेप और संबंधित कर्मचारी की ओर से माफी मांगने के बाद उसकी सेवाएं दोबारा बहाल कर दी गई थीं।

**सुविधा** | अंबाला में 25 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रहीं, इनसे रोज 5 से 6 हजार यात्री सफर कर रहे

# अंबाला में विद्यार्थियों के लिए इलेक्ट्रिक बसों में मुफ्त सफर

**अंकुर कपूर | अंबाला**
**समर न्यूज़**

हरियाणा सरकार ने विद्यार्थियों को राहत देते हुए अंबाला में संचालित ग्रीन इलेक्ट्रिक बसों में छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू की है। सरकार की इस पहल का विद्यार्थियों और यात्रियों ने स्वागत करते हुए इसे शिक्षा के लिए आने-जाने वाले छात्रों के लिए बड़ी राहत बताया है।

अंबाला छावनी बस अड्डा प्रभारी रमेश चंद्र ने बताया कि अंबाला में फिलहाल करीब 25 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। इन बसों से प्रतिदिन लगभग 5 से 6 हजार यात्री सफर करते हैं। अब इन बसों में



सभी विद्यार्थियों को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। संबंधित अधिकारियों की ओर से जारी निर्देशों के बाद यह व्यवस्था लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। बस परिचालक ईश्वर सिंह ने बताया कि मुख्य महाप्रबंधक के निर्देशों के अनुसार विद्यार्थियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है। बसों में सफर करने वाले छात्रों को इस योजना की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक





विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें पूरी तरह वातानुकूलित हैं, जिससे विद्यार्थियों समेत अन्य यात्रियों को भी आरामदायक सफर मिल रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि रोजाना स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक बस से आने-जाने में उन्हें इस सुविधा से काफी राहत मिलेगी। छात्रों के मुताबिक मुफ्त यात्रा शुरू होने से उनके अभिभावकों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम होगा। खासकर रोजाना सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा काफी उपयोगी साबित होगी। विद्यार्थियों रंजीत, मंजीत सिंह व ऋचा ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।

## सीवन में हादसा, ट्रक की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत

**समर न्यूज़ | कैथल**

हरियाणा के कैथल जिले के सीवन में गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में दो स्कूली छात्राओं की मौत हो गई। गांव मांडी सदरा से स्कूटर पर स्कूल जा रही दोनों छात्राओं को सीवन के मुख्य बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया।

मृतकों की पहचान नवनीत कौर और गुणदीप कौर के रूप में हुई है। दोनों सहेलियां थीं और रोजाना की तरह सुबह स्कूटर से सीवन स्थित राजकीय कन्या विद्यालय जा रही थीं। नवनीत कौर 10वीं कक्षा में, जबकि गुणदीप कौर 9वीं कक्षा में पढ़ती थी।

# ऊना के राधा-कृष्ण मंदिर में नतमस्तक हुए हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी

## बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ा सनातन धर्म का मान-सम्मान

राकेश | ऊना
समर न्यूज़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को ऊना स्थित राधा-कृष्ण मंदिर संत बाबा बाल आश्रम पहुंचकर संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। निर्धारित समय से करीब ढाई घंटे की देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री ने आश्रम में कुछ समय संत बाबा बाल जी महाराज के सानिध्य में बिताया।

इसके बाद आश्रम के प्रवचन मंच पर संत बाबा बाल जी महाराज ने नायब सिंह सैनी को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि हिमाचल के इस पवित्र स्थल पर आकर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि संत बाबा बाल जी महाराज का आश्रम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद, असहाय और निर्धन लोगों की सेवा का भी महत्वपूर्ण स्थान है। यहां सत्संग के साथ मानव सेवा को भी प्राथमिकता दी जाती है। नायब सिंह सैनी ने ऊना के राधा-कृष्ण मंदिर का जिक्र करते हुए कुरुक्षेत्र स्थित उस पवित्र कृष्ण भूमि का भी उल्लेख किया, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध के दौरान अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। उन्होंने ऊना की कृष्ण भक्त जनता से कुरुक्षेत्र स्थित कृष्ण ज्ञान भूमि पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीब 12 वर्ष के केंद्रीय कार्यकाल में सनातन और हिंदुत्व का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में सनातन आस्था से जुड़े कई प्रमुख धार्मिक स्थलों का भव्य निर्माण और जीर्णोद्धार हुआ है। इनमें अयोध्या का श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन का महाकाल मंदिर और गुजरात का सोमनाथ मंदिर सहित अनेक तीर्थ स्थल शामिल हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र स्थित कृष्ण ज्ञान भूमि के जीर्णोद्धार और विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार की ओर से 250 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। उ

न्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जल्द ही इस धार्मिक स्थल का भव्य विकास करेगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं दी जा सकें। कार्यक्रम के दौरान ऊना के सैनी समाज की ओर से भी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत एवं सम्मान किया गया और उन्हें स्मृति प्रतीक भेंट किया गया।

## जन्माष्टमी पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समर न्यूज़ | शिमला

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने प्रदेश के लोगों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है।

यह पर्व हमें प्रेम, सत्य, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद सभी के जीवन में नई ऊर्जा व प्रसन्नता का संचार करेगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता के माध्यम से मनुष्य को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने तथा मानव कल्याण के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया।

# हिमाचल प्रदेश विधानसभा में फिर उठा 'वंदे मातरम्' का मुद्दा

## समापन पर छंदों को लेकर बढ़ी सियासी हलचल, भाजपा विधायकों की नारेबाजी

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के आखिरी दिन 'वंदे मातरम्' को लेकर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक विधानसभा परिसर में एकत्र हुए और 'भारत में यदि रहना है तो वंदे मातरम् कहना है' के नारे लगाए।

वंदे मातरम्' को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद की शुरुआत मॉनसून सत्र के पहले दिन हुई थी। उस दौरान राष्ट्रगीत को लेकर सदन में तीखी बहस देखने को मिली थी। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को लेकर टिप्पणी करने तथा राष्ट्रगीत का अपमान करने का आरोप लगाया था। वहीं, विपक्ष ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि सामने आए वीडियो में किसी भी तरह का अपमानजनक व्यवहार दिखाई नहीं देता। अब सत्र के अंतिम दिन एक बार फिर इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग ले लिया है। विधानसभा की स्थापित परंपरा के अनुसार सत्र की कार्यवाही के समापन पर 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाता है। ऐसे में आज सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि समापन समारोह में राष्ट्रगीत के कितने छंदों का गायन होगा।राजनीतिक हलकों में खास चर्चा इस बात को लेकर है कि क्या 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंद गाए जाएंगे या निर्धारित व्यवस्था के अनुसार केवल दो छंदों का ही गायन होगा। इसे लेकर विधानसभा परिसर के बाहर भी भाजपा और सत्तापक्ष के बीच बयानबाजी तेज होने की संभावना है। आखिरी दिन यह मुद्दा सदन की कार्यवाही के साथ-साथ प्रदेश की सियासत में भी चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

# नेपाल में दम दिखाएंगे हिमाचल के तीन हैंडबॉल खिलाड़ी, कोच मनोज ठाकुर के साथ दल रवाना



सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के हैंडबॉल खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर सामने आया है।

प्रदेश के तीन प्रतिभावान खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को नेपाल के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों के साथ अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक मनोज ठाकुर भी नेपाल गए हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिमाचल और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नेपाल में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता से पहले तीनों खिलाड़ी लंबे समय से नियमित अभ्यास और कड़े प्रशिक्षण में जुटे हुए थे। कोच मनोज ठाकुर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस, तकनीक और खेल रणनीति पर विशेष रूप से काम किया है। टीम को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों में खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन करेंगे।

मनोज ठाकुर ने कहा कि तीनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की तैयारी के लिए काफी मेहनत की है। सभी खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हैं और नेपाल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने से खिलाड़ियों को उच्च स्तर के अनुभव के साथ-साथ अपनी खेल क्षमता को और निखारने का अवसर भी मिलेगा।

प्रदेश के खिलाड़ियों के नेपाल रवाना होने से बिलासपुर समेत पूरे जिले के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय खेल जगत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले के अन्य युवा और उभरते खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक मानी जा रही है।

## गोबिंद सागर में 330 किमी सेलिंग करेंगे 70 एनसीसी कैडेट्स

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़



गोबिंद सागर जलाशय में 1 एचपी नवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर की ओर से 8 से 19 सितंबर तक 12 दिवसीय 'संकल्प' सेलिंग एक्सपेडिशन आयोजित किया जाएगा। अभियान में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के करीब 70 एनसीसी कैडेट्स हिस्सा लेंगे।

कैडेट्स जलाशय में लगभग 330 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सामाजिक जागरूकता का संदेश देंगे। कमांडिंग ऑफिसर सजन कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान टीबी मुक्त भारत, नशामुक्त भारत, नारी सशक्तिकरण और स्वच्छ भारत को लेकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# विधानसभा में गूंजे जनहित के मुद्दे, नूरपुर विधायक निक्का ने सरकार से मांगा जवाब

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने अपने विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे सदन में उठाए। उन्होंने सरकार का ध्यान आम लोगों को पेश आ रही समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए इनके जल्द समाधान की मांग की।

सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक निक्का ने कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली का सीधा असर आम जनता और युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा सत्ता में आने से पहले किए गए वायदों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि कई घोषणाएं अभी तक धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाई हैं। उन्होंने सरकार से चुनावी वायदों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। निक्का ने प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश की बड़ी चुनौतियों में शामिल है और युवाओं को स्थायी एवं सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। विधायक ने भांग की खेती को लेकर सरकार की नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के बजाय उन्हें ऐसी गतिविधियों की ओर आकर्षित किए जाने को लेकर सरकार को स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लॉटरी शुरू करने के फैसले पर भी सवाल उठाए। निक्का ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके मौजूदा हालात पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों में गंभीरता से कार्रवाई कर जनता को राहत देने की मांग की।

## एक लाख रुपये रिश्वत लेने की आरोपी पटवारी निलंबित तीन दिन के रिमांड पर

समर न्यूज़ | बरोटीवाला

एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार बरोटीवाला पटवार वृत्त की पटवारी को निलंबित कर दिया है। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पटवारी के निलंबन की पुष्टि की है। आरोपी पटवारी फिलहाल तीन दिन के पुलिस रिमांड पर है।

पटवारी को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बद्दी टीम ने सोमवार दोपहर बरोटीवाला स्थित उसके कार्यालय में रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उसने जमीन की सडक़ से दूरी दर्शाने वाला राजस्व प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए मांगे थे।

जांच के बाद विजिलेंस की बद्दी टीम ने जाल बिछाया और पटवारी को शिकायतकर्ता से एक लाख स्वीकार करते हुए मौके पर पकड़ लिया। विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत मामला दर्ज किया।

## दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान का पहला चरण 90% तक पूरा, 70 बड़े एनक्लोजर में दिखेंगे वन्यजीव

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



कांगड़ा जिले के बनखंडी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे नॉर्थ इंडिया के पहले दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। परियोजना के पहले चरण का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य को अगले एक से दो महीने में पूरा किए जाने की उम्मीद है।

पार्क के पूरी तरह विकसित होने के बाद देश-विदेश से आने वाले पर्यटक और वन्यजीव प्रेमी विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक परिवेश के करीब देख सकेंगे।दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान का निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। इसके लिए वन विभाग के वन्यजीव विंग की ओर से सैकड़ों एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। पहले चरण में वन्यजीवों की बेहतर देखभाल और पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस चरण में वन्यजीव अस्पताल, रेस्क्यू सेंटर, क्वारंटाइन सेंटर और डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा एक्वेरियम, पार्किंग और एंट्री प्लाजा समेत अन्य बुनियादी ढांचे का काम भी अंतिम चरण में है। प्राणी उद्यान में करीब 70 बड़े और खुले एनक्लोजर तैयार किए जा रहे हैं। इनमें अलग-अलग प्रजातियों के वन्यजीवों को रखा जाएगा।

पर्यटक यहां शेर, चीता, मगरमच्छ समेत कई अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। पार्क में एक बड़ा एक्वेरियम भी विकसित किया जा रहा है, जो पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षणों में शामिल होगा। वन्यजीव विंग के डीएफओ रेजिनॉल्ड रायस्टन ने बताया कि परियोजना के पहले चरण का लगभग 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। बाकी कार्य भी निर्धारित समय में पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कैदियों से ठसाठस भरी हैं हिमाचल प्रदेश की जेलें, फिर भी केंद्र का प्रस्ताव नजरअंदाज

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की 14 जेलों की स्वीकृत क्षमता दो हजार 580 कैदियों की है, जबकि इनमें तीन हजार 355 कैदी बंद हैं। यानी जेलों में क्षमता से 775 कैदी अधिक हैं। यह संख्या स्वीकृत क्षमता से करीब 30 प्रतिशत अधिक है।

इनमें 1113 सजायाफ्ता, दो हजार 203 विचाराधीन और 39 नागरिक अथवा एहतियाती हिरासत वाले बंदी शामिल हैं। करीब डेढ़ वर्ष पहले केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल में 15 नई अत्याधुनिक जेलें बनाने का प्रस्ताव सामने आया था। सुधार गृह की तर्ज पर प्रत्येक जेल के लिए करीब 150 कनाल भूमि की आवश्यकता बताई गई थी। भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने और जमीन अंतिम होने के बाद निर्माण के लिए केंद्र से बजट मिलने की बात कही गई थी। अब तक राज्य में इस दिशा में कदम आगे न बढ़ाए जाने से अब उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के ध्यान में भी उक्त मामला आया है।

ऐसे में अब राज्य सरकार के समक्ष भी बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है। कांगड़ा के देहरा-परागपुर क्षेत्र में भी करीब 150 कनाल भूमि में अत्याधुनिक जेल बनाने की योजना प्रस्तावित है, लेकिन भूमि चयन और उसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अभी तक लटकी हुई है। देहरा में जमीन अंतिम होने के बाद ही केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने और निर्माण के लिए बजट मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। गौरलतब है कि जेलों में भीड़ का यह मामला हाल में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट तक भी पहुंचा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है और मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को निर्धारित की गई है।

▪ **नई जेलों के निर्माण में सुस्ती:** पुरानी जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों का बोझ और नई जेलों के निर्माण की प्रक्रिया की सुस्ती के बीच अब 15 प्रस्तावित अत्याधुनिक जेलों को लेकर भी तेजी की जरूरत महसूस हो रही है। खासकर देहरा-परागपुर में 150 कनाल भूमि का मामला जल्द अंतिम नहीं हुआ तो कांगड़ा समेत प्रदेश की जेलों पर बढ़ता दबाव आने वाले समय में और गंभीर हो सकता है।

▪ **किस जेल में कितने कैदी:** धर्मशाला की लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह जेल में 355 कैदियों की क्षमता के मुकाबले 552 कैदी बताए गए हैं। मंडी जिला जेल में 95 की क्षमता के मुकाबले 270, कुल्लू में 33 के मुकाबले 76, किन्नौर में 183 के मुकाबले 237 और चंबा में 147 की क्षमता के मुकाबले 193 कैदी बंद हैं। नाहन में 471 की क्षमता के मुकाबले 553 और कांडा में 438 के मुकाबले 530 कैदी हैं। नूरपुर उपजेल, सोलन जिला जेल, ऊना और नालागढ़ उपजेल में भी स्वीकृत क्षमता से अधिक कैदी हैं।

# पेंशनर्स के बकाए पर मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- आर्थिक हालात सुधरते ही मिलेगा बाकी एरियर

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में पेंशनर्स के लंबित बकाये को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार का पक्ष स्पष्ट किया है। विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स को चरणबद्ध तरीके से उनके बकाये का भुगतान किया है। सरकार भविष्य में शेष एरियर का भी भुगतान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 वर्ष से अधिक आयु के सभी पेंशनर्स को पूरा एरियर दिया जा चुका है। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एक साल की सेवानिवृत्ति पेंशन का पूरा एरियर जारी किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2016 से 31 मार्च 2022 तक के एरियर में से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को करीब 55 से 57 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। उन्हें 20 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी गई है। मुख्यमंत्री के मुताबिक प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पेंशनर्स को वर्ष 2016 के बाद के बकाये में से 15 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति अभी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और राजस्व घाटा अनुदान में भी कमी आई है। इसके बावजूद सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के अधिकारों को नजरअंदाज नहीं करेगी। सुक्खू ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर्मचारियों और पेंशनर्स के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसीप्राथमिकताओं पर किया है। आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ लंबित एरियर का भुगतान भी किया जाएगा। वहीं केंद्र से मिले 1500 करोड़ रुपये के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दौरान राज्य सरकार ने अपने स्तर पर बड़ी राशि खर्च की है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल को करीब 47 हजार करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान मिला था, जबकि मौजूदा सरकार को लगभग 17 हजार करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि वर्तमान सरकार को भी पहले के समान राजस्व घाटा अनुदान मिलता, तो कर्मचारियों और पेंशनर्स के बकाये के भुगतान में और मदद मिल सकती थी।

# सहकार सदन को मिलेगा आधुनिक स्वरूप 2.85 करोड़ रु. से होगा नवीनीकरण: सुक्खू

समर न्यूज़ | शिमला



मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को मालरोड शिमला स्थित 'सहकार सदन' के नवीनीकरण कार्य का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस परियोजना पर करीब 2.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सरकार ने भवन के नवीनीकरण का कार्य 15 जून, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीनीकरण के बाद सहकार सदन को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा और भवन की प्रत्येक मंजिल को आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी इमारत का कायाकल्प कर इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यहां कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना के तहत मेजनाइन फ्लोर पर आधुनिक वर्कस्टेशन तथा केबिन पार्टीशन विकसित किए जाएंगे। ग्राउंड फ्लोर पर नया रिसेप्शन, वर्कस्टेशन और आधुनिक स्क्रीनिंग क्षेत्र तैयार होगा। बेसमेंट-1 में कॉन्फ्रेंस हॉल और वर्कस्टेशन बनाए जाएंगे। बेसमेंट-2 में बच्चों के लिए विशेष क्रैच सुविधा विकसित की जाएगी। बेसमेंट-3 में आधुनिक स्टोरेज एलिवेशन का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक प्रदेश में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है।

विकास

## बाबा श्री माई दास सदन से मंदिर तक लोक निर्माण विभाग ने किया साइट का सर्वे

# शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी रोपवे परियोजना को मिली रफ्तार

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी में प्रस्तावित रोपवे परियोजना को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ती नजर आ रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और चिंतपूर्णी में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग की टीम ने वीरवार को बाबा श्री माई दास सदन से मंदिर परिसर तक प्रस्तावित रोपवे मार्ग का साइट सर्वे किया।

सर्वे की अगुवाई लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुरेश कुमार ने की। विभाग की जेई अनुराधा, जेई रजत सियाल समेत तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित रोपवे के पिलर प्वाइंट्स का निरीक्षण किया। टीम ने सड़क की स्थिति, पिलर लगाने के लिए उपलब्ध स्थान और आसपास की जमीन से जुड़े पहलुओं की जांच की।

▪ **तीन प्रमुख बिंदुओं पर रहा फोकस:** सर्वे के दौरान विभाग ने मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि रोपवे के प्रस्तावित पिलरों से नेशनल हाईवे और चिंतपूर्णी-तलवाड़ा संपर्क मार्ग पर यातायात प्रभावित न हो। इसके साथ ही सड़क की मौजूदा चौड़ाई और भविष्य में होने वाले संभावित विस्तार को भी ध्यान में रखा गया।वहीं, प्रस्तावित पिलर प्वाइंट्स की जमीन मंदिर न्यास, लोक निर्माण विभाग या निजी स्वामित्व में है, इसका सत्यापन भी किया गया।

▪ **श्रद्धालुओं को मिल सकती है बड़ी राहत:** नवरात्र मेलों और अन्य प्रमुख धार्मिक अवसरों पर चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। बाबा श्री माई दास सदन के आसपास भीड़ बढ़ने से कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे में प्रस्तावित रोपवे के निर्माण से मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को वैकल्पिक और सुविधाजनक साधन मिलने की उम्मीद है।

विशेष रूप से बुजुर्ग, दिव्यांग और चलने में असमर्थ श्रद्धालुओं के लिए रोपवे सुविधा काफी उपयोगी साबित हो सकती है। इसके अलावा मंदिर क्षेत्र में वाहनों व पैदल श्रद्धालुओं के दबाव को कम करने में भी परियोजना मददगार हो सकती है।

▪ **सर्वे रिपोर्ट के बाद आगे बढ़ेगी प्रक्रिया:** लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुरेश कुमार के अनुसार साइट का प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया गया है। अब सर्वे से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों और संबंधित रोपवे कॉर्पोरेशन को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर परियोजना के अगले चरण की औपचारिकताएं आगे बढ़ाई जाएंगी।रोपवे परियोजना के धरातल पर उतरने से चिंतपूर्णी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भविष्य में बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है।

EVCQ the change

धार्मिक आयोजन में सरेआम आयोजक ही कर रहे धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन

# भूमि पूजन कार्यक्रम में लगते रहे हुक्के के कश शिकायत के 24 घंटे बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

## एसपी सिटी ने मांगे थे फोटो-वीडियो, सबूत देने के बाद भी पुलिस की चुप्पी बरकरार, जांच में हो रही देरी

**रसूखदारों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर उठ रहे सवाल**

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

सेक्टर-66 स्थित इवॉक अंटालिया में भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान हुक्का चलाए जाने का मामला अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

एक ओर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ भूमि पूजन किया गया, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में हुक्का चलाए जाने की तस्वीरें सामने आने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

मीडिया द्वारा शिकायत किए जाने पर एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने मामले की जांच करवाने की बात कही थी और फोटो-वीडियो उपलब्ध करवाने को कहा था। मीडिया की ओर से पुलिस को फोटो और वीडियो उपलब्ध करवाए हुए करीब 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस की इस चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी है कि जब पुलिस के पास मामले से संबंधित फोटो-वीडियो मौजूद हैं तो जांच में इतनी देरी क्यों हो रही है?



### पूजा-पाठ के बीच हुक्का चलने पर धार्मिक संगठनों ने जताई आपत्ति

मामले को लेकर धार्मिक संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से भी आपत्ति जताई गई है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर देवी-देवताओं की पूजा और भूमि पूजन कराया जा रहा हो, वहां उसी कार्यक्रम के दौरान हुक्का चलाना उचित नहीं है। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### क्या रसूखदारों के मामलों में कार्रवाई की रफ्तार धीमी?



पुलिस को फोटो-वीडियो सौंपे जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अब सबसे बड़ा सवाल पुलिस की निष्पक्षता को लेकर उठ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि यही मामला किसी सामान्य व्यक्ति से जुड़ा होता तो क्या पुलिस इतनी देर तक इंतजार करती?
क्या बड़े रसूख वाले लोगों से जुड़े मामलों में पुलिस कार्रवाई करने से बचती है?
हालांकि, यह आरोप है और इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकती है। पुलिस की ओर से अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि फोटो-वीडियो की जांच में क्या सामने आया और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी।

### अब पुलिस की जांच पर नजर

मामले में अब लोगों की नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर है। यदि फोटो-वीडियो में कार्यक्रम के दौरान हुक्का चलाने की पुष्टि होती है और कोई नियम उल्लंघन सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जा रही है। वहीं पुलिस की ओर से मामले की जांच के संबंध में आधिकारिक स्थिति स्पष्ट किए जाने का इंतजार है।

# पूर्व डीजीपी के घर एएसआई की गोलियां लगने से मौत

## सेक्टर 85 के वेव एस्टेट की घटना, पांच गोलियां लगीं

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब के रिटायर्ड डीजीपी अर्पित शुक्ला के मोहाली स्थित सरकारी आवास पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात एएसआई की गोली लगने से मौत हो गई। घटना वीरवार सुबह करीब छह बजे सेक्टर-85 स्थित वेव एस्टेट में हुई। मृतक की पहचान एएसआई ओंकार सिंह के रूप में हुई है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एएसआई ओंकार सिंह को कई गोलियां लगीं। बताया जा रहा है कि उन्हें करीब पांच गोलियां लगी थीं। घटना के बाद उन्हें तत्काल फेज-6 अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

**गोली किन परिस्थितियों में चली, पुलिस जांच में जुटी:** घटना की सूचना मिलते ही मोहाली पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। गोली किस हथियार से चली और किन परिस्थितियों में एएसआई को गोलियां लगीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि घटना के समय मौके पर कौन-कौन लोग मौजूद थे। फिलहाल पुलिस की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह हादसा था, आत्महत्या या गोली किसी अन्य परिस्थिति में चली। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

**डीजीपी ने घटना को बताया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण:** पंजाब पुलिस के मुखी डीजीपी अरपित शुक्ला ने घटना पर दुख जताते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा पंजाब पुलिस विभाग एएसआई ओंकार सिंह के परिवार के साथ खड़ा है। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का जायजा लिया। पुलिस की ओर से मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

# 3,550 नकद और जुए में इस्तेमाल उपकरण बरामद

श्री राम | पिंजौर
समर न्यूज़

जुआ-सट्टा और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस की थाना पिंजौर टीम ने मॉडल टाउन के नजदीक सट्टा खिलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3,550 नकद और जुए में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति राहगीरों को रोककर 1 से 99 तक के अंकों पर सट्टा लगवा रहा है। सूचना की पुष्टि करने और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए पुलिस ने योजना बनाई। इसके तहत एक पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर आरोपी के पास भेजा गया।

पुलिसकर्मी ने आरोपी के पास जाकर सट्टा लगाया और इशारा मिलते ही टीम ने मौके पर छापेमारी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से नकदी और सट्टे में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शाहरूख, निवासी मुजफ्फरनगर और हाल किरायेदार सैनी मोहल्ला, पिंजौर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डेंगू विरोधी अभियान: सिविल सर्जन ने सोहाना के स्कूल का किया दौरा

सुरिंदर सिंह अंकुश | मोहाली
समर न्यूज़

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे डेंगू विरोधी अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने जिले के विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में जांच अभियान चलाया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन के नेतृत्व में टीमों ने स्कूल परिसरों में उन स्थानों की जांच की, जहां पानी जमा होने की संभावना रहती है।

जहां पानी खड़ा मिला, वहां दवा का छिड़काव किया गया। टीमों ने गमलों, कूलरों, फ्रिज और अन्य कंटेनरों की भी जांच की। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहाना का दौरा किया। उनके साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घड़ूंआ के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह और जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अनामिका सोनी भी मौजूद रहीं। जांच के दौरान



स्कूल परिसर में किसी भी स्थान पर मच्छर का लारवा नहीं मिला।

डॉ. जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि मौजूदा मौसम में डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों से अपने स्कूल, घर और आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने देने की अपील की। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अनामिका सोनी ने बताया कि पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं।

# मोहाली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर पूर्व डिप्टी मेयर कुलजीत बेदी ने प्रशासन को घेरा

## डीजीपी को लिखा पत्र, कहा- वीआईपी ड्यूटी से आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित

गुरशरण सिंह | सुरिंदर सिंह अंकुश
समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने शहर में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की वीआईपी ड्यूटी, धरनों और रूट ड्यूटी में तैनाती के कारण आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

बेदी ने सेक्टर-80 में बीती रात एक दुकान पर हुई फायरिंग की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मोहाली में गोलीबारी, स्नैचिंग, चोरी और लूटपाट की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।



उन्होंने कहा कि मोहाली एक महत्वपूर्ण कारोबारी और निवेश केंद्र है। यहां गमाडा की ओर से जमीनों की बिक्री से सरकार को बड़ा राजस्व मिलता है और लगातार बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है। ऐसे में यदि शहर में अपराध और असुरक्षा का माहौल बना रहता है तो इसका सीधा असर नए निवेश और शहर के विकास पर पड़ सकता है।

कुलजीत सिंह बेदी ने शहर में नशे की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बाहर से पीजी में रहने आने वाले युवाओं को थोड़े समय में यह पता चल जाता है कि नशा कहां उपलब्ध है, ऐसे में पुलिस नशे की सप्लाई करने वाले स्रोतों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

बेदी ने कहा कि चंडीगढ़ में पुलिस बल की संख्या हजारों में है, जबकि मोहाली समेत पूरे जिले में पुलिसकर्मियों की संख्या उसके मुकाबले काफी कम है। दूसरी ओर मोहाली की आबादी, कारोबारी गतिविधियां और शहरी विस्तार लगातार बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल उसी अनुपात में नहीं बढ़ा, जिससे थानों की नियमित पुलिसिंग और अपराध रोकने का काम प्रभावित हो रहा है। पूर्व डिप्टी मेयर ने कहा कि मोहाली में अक्सर वीआईपी दौरे, रूट और विभिन्न धरनों के कारण बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को सड़कों पर तैनात करना पड़ता है।

# झरने में डूबने से 16 साल के युवक की गई जान

मोनिका रावत | पिंजौर
समर न्यूज़

पिंजौर के गांव बुर्ज कोटिया में घग्गर नदी में डूबने से एक 16 साल के किशोर की जान चली गई। मृतक की पहचान कुराली (मोहाली) निवासी 16 वर्षीय अनिकेत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के मोहाली और कुराली क्षेत्र से करीब 5 से 6 युवक बुर्ज कोटियां स्थित घग्गर नदी के पास घूमने आए थे। पुलिस के अनुसार झरने में नहाते समय 16 वर्षीय अनिकेत पानी में डूब गया।

साथ आए दोस्तों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को सेक्टर-6 पंचकूला स्थित अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवा दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# न्यू कैम्ब्रिज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

न्यू कैम्ब्रिज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मंजीत कौर सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जन्माष्टमी के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा में सजकर स्कूल पहुंचे। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक पोशाकों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मंजीत कौर ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेश



से प्रेरणा लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों का उत्साह भी बढ़ता है।

# डेराबस्सी में उर्दू-अरबी सीखने की विशेष पहल

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

हलका डेराबस्सी में मुस्लिम डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन अनवर अली और मुस्लिम भाईचारे की ओर से उर्दू एवं अरबी भाषा सीखने के इच्छुक लोगों के लिए एक विशेष पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया



कि डेराबस्सी के खटीक मोहल्ला स्थित मस्जिद में उर्दू व अरबी भाषा की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। जो भी व्यक्ति उर्दू अथवा अरबी पढ़ना व सीखना चाहता है, वह इन कक्षाओं में शामिल हो सकता है। कक्षाओं का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक रखा गया है।

# गांव संभालकी में दर्जनों युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, पूर्व मेयर जीती सिद्धू और रूबी सिद्धू की मौजूदगी में हुए शामिल

गुरशरण सिंह | सुरिंदर सिंह अंकुश
समर न्यूज़ | मोहाली

गांव संभालकी में कांग्रेस पार्टी को उस समय मजबूती मिली जब मोहाली के पूर्व मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू और युवा कांग्रेस नेता कंवरबीर सिंह रूबी सिद्धू की अगुवाई में दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया।

इस मौके पर नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए अमरजीत सिंह जीती सिद्धू और कंवरबीर सिंह रूबी सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा युवाओं को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब का युवा रोजगार,



बेहतर शिक्षा, खेलों के अवसर और नशामुक्त भविष्य चाहता है और कांग्रेस इन मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाती रही है।

पंजाब के युवाओं में कांग्रेस के प्रति बढ़ता उत्साह आने वाले समय में पार्टी की मजबूती का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि गांवों से बड़ी संख्या में युवाओं का कांग्रेस के साथ जुड़ना इस बात का संकेत है कि लोग प्रदेश में एक मजबूत, जवाबदेह और जनहित के प्रति समर्पित सरकार चाहते हैं।

इस दौरान रूबी सिद्धू ने नशे के मुद्दे को लेकर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नशा पंजाब के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है और ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी उपलब्धता को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है।

# नए एसएसपी वरुण शर्मा ने संभाला मोहाली का कार्यभार, बोले- ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, गैंगस्टर और एक्सटॉर्शन पर जीरो टॉलरेंस

## मार्केट, आरडब्ल्यूए व आम लोगों से सीधा संवाद रखेंगे; हर शिकायत टाइम-बाउंड तरीके से होगी हल

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली के नए आईपीएस एसएसपी वरुण शर्मा ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मोहाली में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री और डीजीपी पंजाब का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें मोहाली में क्राइम कंट्रोल



की जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी वरुण शर्मा ने स्पष्ट किया कि ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, एक्सटॉर्शन और गैंगस्टर गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। अपराधियों पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी वरुण शर्मा ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। इसके लिए वह शहर की विभिन्न मार्केट एसोसिएशनों, आरडब्ल्यूए और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और पुलिस के स्तर पर उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक से उनका लगातार इंटरैक्शन रहेगा। यदि किसी नागरिक के पास पुलिस व्यवस्था को लेकर कोई सुझाव है, नशा तस्करों के बारे में जानकारी है या किसी अपराध से संबंधित सूचना है तो वह पुलिस तक पहुंचा सकता है।

एसएसपी ने कहा कि आज के समय में साइबर फ्रॉड भी बड़ी चुनौती है। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है या उसे किसी तरह की साइबर समस्या का सामना करना पड़ता है तो पुलिस उसकी मदद के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा नशा तस्करी से संबंधित जानकारी भी लोग पुलिस के साथ साझा कर सकते हैं।

# सत्ता के लालच में अकालियों ने भाजपा के आगे घुटने टेके: सिद्धू

गुरशरण सिंह | मोहाली
समर न्यूज़

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने अकाली-भाजपा के संभावित गठबंधन की चर्चाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इनमें से किसी भी पार्टी के पैर पंजाब में नहीं टिकने वाले, चाहे वे एक साथ क्यों न आ जाएं, क्योंकि प्रदेश की जनता इन दोनों पार्टियों को एक से अधिक बार नकार चुकी है।

सिद्धू ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल ने दिल्ली मोर्चे के 750 से अधिक शहीद किसानों की लाशों को लांघकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगाकर अवसरवाद व स्वार्थ की राजनीति की सारी हदें पार कर दीं। कभी राज्यों की स्वायत्तता की बात करने वाला अकाली दल आज उन अधिकारों पर हमला करने वाली भाजपा के साथ



गठबंधन के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इस बेमेल राजनीतिक गठबंधन के जरिए अकाली दल क्षेत्रीय भावनाओं, इच्छाओं और आकांक्षाओं का गला घोंटने की राह पर चल पड़ा है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक हलकों में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि भाजपा ने अकालियों के सामने उन तीन कृषि कानूनों का विरोध छोड़ने की शर्त रखी है, जिन्हें रद्द करवाने के लिए किसानों को लंबा और खून-पसीने से भरा संघर्ष करना पड़ा था। अकालियों की ओर से भाजपा के आगे घुटने टेकने के कारण पंजाब या सिखों का एक भी मुद्दा हल होने के बजाय ये सभी मामले और अधिक उलझ गए।

नशे पर वार

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने की शुरुआत, 30 दिवसीय प्रतियोगिता में तीन श्रेणियां

# स्वच्छ वार्डों की साल में दो बार होगी रैंकिंग, विजेता को मिलेंगे 50 लाख

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने अब वार्डों के बीच प्रतिस्पर्धा शुरू की है। स्वच्छ वार्ड रैंकिंग की 30 दिवसीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों को विकास कार्यों के लिए पुरस्कार राशि दी जाएगी। यह प्रतियोगिता साल में दो बार आयोजित होगी।

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस पहल की शुरुआत की। मेयर सौरभ जोशी और नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के अनुसार वार्डों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें गांव, सेक्टर तथा स्लम, कॉलोनी और रिहैबिलिटेशन कॉलोनियां शामिल हैं। प्रत्येक श्रेणी




### स्थानीय लोग तय करेंगे विकास कार्य

पुरस्कार राशि से होने वाले विकास कार्यों का चयन नगर निगम अकेले नहीं करेगा। संबंधित वार्ड के लोग, स्कूल, मार्केट एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए और स्थानीय संस्थाएं मिलकर तय करेंगी कि राशि का इस्तेमाल किन कार्यों में किया जाए।

में प्रथम स्थान पाने वाले वार्ड को 50 लाख, दूसरे को 30 लाख और तीसरे स्थान वाले वार्ड को 20 लाख रुपये दिए जाएंगे। यह राशि संबंधित वार्ड में विकास कार्यों पर खर्च होगी। कमिश्नर ने बताया कि 30 दिनों तक विभिन्न स्वच्छता मानकों पर वार्डों का मूल्यांकन होगा। करीब 80 प्रतिशत महत्व वास्तविक स्वच्छता समस्याओं को दिया गया है। कचरा अलग-अलग करना, बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान और खुले में कचरा जमा होने जैसे बिंदुओं को भी रैंकिंग में शामिल किया गया है। नगर निगम के अनुसार चंडीगढ़ में प्रतिदिन करीब 500 टन कचरा उठाया जाता है। अधिकारियों ने घरों से ही गीला, सूखा, सैनिटरी और अवशिष्ट कचरा अलग-अलग करने पर जोर दिया।

### पार्षदों की होगी अहम भूमिका

*अभियान में पार्षदों और जनप्रतिनिधियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई है। वे लोगों, स्कूलों, बाजारों और विभिन्न संगठनों को स्वच्छता अभियान से जोड़ेंगे। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत घर से होनी चाहिए और सार्वजनिक स्थानों की सफाई बनाए रखना नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।*

# एएसआई दौलतराम बने सब इंस्पेक्टर एसएसपी वरुण शर्मा ने लगाया स्टार



सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

पुलिस विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे एएसआई दौलतराम को पदोन्नति देकर सब इंस्पेक्टर बनाया गया है। उनकी पदोन्नति के मौके पर नए आईपीएस एसएसपी वरुण शर्मा और एसपी नवरीत सिंह बिरक ने उनके कंधे पर एक स्टार लगाकर उन्हें सब इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट किया। पदोन्नति मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सब इंस्पेक्टर दौलतराम को बधाई दी। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह आगे भी पूरी ईमानदारी, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएंगे।

पुलिस विभाग में पदोन्नति किसी भी कर्मचारी के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। एएसआई से सब इंस्पेक्टर बनने पर दौलतराम के साथियों में भी खुशी का माहौल रहा। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उनके कंधे पर स्टार लगाया गया और उन्हें नए पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# रेखा गुप्ता सरकार ने की 95 सेवाओं की समीक्षा, 68 सेवाओं की समय सीमा घटाई

## 84 सेवाओं की नई समयसीमा जल्द होगी अधिसूचित, समयसीमा में 14.3% से 100% तक कमी संभव

**▪ सिंगल विंडो सिस्टम से नागरिकों और कारोबारियों को राहत देने की तैयारी**

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम के तहत उपलब्ध 95 सेवाओं की समयसीमा और पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की है। समीक्षा में सामने आया कि 68 सेवाओं के लिए तय समयसीमा में 14.3 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है।

आठ सेवाओं में प्रक्रिया की वास्तविक जरूरत को देखते हुए समयसीमा बढ़ाई गई है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों और कारोबारियों को अलग-अलग सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत देना और सेवाओं को अधिक समयबद्ध बनाना है। दिल्ली सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने 18 विभागों से जुड़ी इन 95 सेवाओं का आवेदन से लेकर अंतिम निस्तारण तक अध्ययन किया। समीक्षा में पाया गया कि कई विभागों में सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया के अलग-अलग चरणों के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं थी। इसके बाद अनावश्यक चरण हटाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए बिजनेस प्रोसेस री-इंजीनियरिंग की गई।

**▪ फायर एनओसी की समयसीमा तय:** समीक्षा के बाद फायर एनओसी के लिए पहली बार 30 दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा तीन ऐसी सेवाओं की भी पहचान हुई, जिनके लिए पहले समयसीमा तय नहीं थी। इनमें पेड़ गिरने या काटे जाने के बाद प्रत्यारोपण से जुड़ी सेवा शामिल है, जिसके लिए अब 60 दिन की समयसीमा तय की गई है। दूसरी ओर 11 सेवाओं में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है, क्योंकि उनकी प्रक्रिया अपेक्षाकृत जटिल है। चेंज ऑफ लैंड यूज भी इसी श्रेणी में है। उन्होंने आदेश दिए हैं क लोगों को सेवाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होपी चाहिए। उनके काम को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

### नई समयसीमा जल्द

अधिकारियों के मुताबिक 95 में से पांच सेवाएं डुप्लीकेट, लागू नहीं होने वाली या दूसरे विभाग को स्थानांतरित की जा चुकी हैं। सरकार अब 84 सेवाओं की संशोधित समयसीमा को जल्द अधिसूचित करने की तैयारी में है। जुलाई में भी सरकार ने 95 सेवाओं की समीक्षा के बाद 84 सेवाओं के प्रसंस्करण समय में कमी और कुछ सेवाओं को तत्काल उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकार का कहना है कि सिंगल विंडो व्यवस्था और समयबद्ध सेवाओं का उद्देश्य प्रशासन को अधिक सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। दिल्ली सरकार का आधिकारिक सेवा पोर्टल भी सिंगल विंडो और ई-एसएलए के तहत समयबद्ध सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहा है।

# 70 ग्राम हेरोइन के साथ युवक पकड़ा

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साहनेवाल थाना पुलिस ने एक युवक को 70 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरजिंदर सिंह निवासी के रूप में हुई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी ग्रामीण गुरसेवक सिंह, एडीसीपी जोन-2 कर्णवीर सिंह रंधावा और एसीपी साउथ अंग्रेज सिंह की निगरानी में साहनेवाल थाना प्रभारी एसआइ दलवीर सिंह की देखरेख में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने 2 सितंबर को नवां पिंड रोड, साहनेवाल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे हरजिंदर सिंह को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में साहनेवाल थाने में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है, कि हेरोइन कहां से लेकर आया था और इसे आगे किसे सप्लाई किया जाना था।

# पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकंदपुर में बच्चों में झांकियों से मोहा मन




जगदीश लाल | बांगा
समर न्यूज़

पी.एम. श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकंदपुर में श्री कृष्ण अष्टमी के मौके बच्चों में विभिन्न झांकियां से श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रिंसिपल किशन कुमार खटकड़ की देखरख में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में बच्चों ने भजन के साथ रासलीला का आयोजन किया।

स्रोत बच्चों की कलाकृतियां देखकर हैरत अंग्रेज हुए। बच्चों को जन्माष्टमी की बधाई दी गई तथा स्टाफ की तरफ कहा गया कि बच्चों के उज्जवल प्रतिभावान होने की पहले शुरुआत स्कूल से निकलती है। इस मौके पर स्कूल के स्टूडेंट्स ने रंगारंग कल्चरल प्रोग्राम पेश किए। बच्चों ने श्री कृष्ण जी के जीवन से जुड़े भजन, कविताएं, डांस पेश किया।

प्रिंसिपल श्री किशन खटकर जी, डॉ. इंद्रजीत पाल , जसविंदर मैडम ने स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाया। प्रिंसिपल जी ने स्टूडेंट्स को श्री कृष्ण जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और सच्चाई, अच्छाई और प्यार के रास्ते पर चलने के लिए मोटिवेट किया।

# 12वीं के छात्र पर चाकू से हमला, मोबाइल और 10 हजार रुपये लूटे

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

ग्यासपुरा के महादेव नगर इलाके में काम से पैदल घर लौट रहे 12वीं कक्षा के छात्र को बाइक सवार दो युवकों ने रास्ते में घेर लिया। लूट का विरोध करने पर आरोपितों ने छात्र पर चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। इसके बाद बदमाश उसकी जेब से मोबाइल फोन और 10 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। घायल छात्र को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

उपचाराधीन छात्र गोपी ने बताया कि वह 12वीं कक्षा में पढ़ता है और अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए कंगनवाल इलाके की एक फैक्ट्री में पैकिंग का पार्ट-टाइम काम करता है। शाम को फैक्ट्री से छुट्टी होने के बाद वह पैदल घर लौट रहा था। ग्यासपुरा से करीब तीन किलोमीटर अंदर महादेव नगर के पास पीछे से बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार ने चाकू निकालकर उसकी छाती के पास वार कर दिया।

# मनजीत सिंह मलकपुर को नई जिम्मेदारी मिलने पर सम्मान



गुरमीत सिंह। डेराबस्सी
समर न्यूज़

यूथ अकाली दल के नेता मनजीत सिंह मलकपुर को पार्टी द्वारा नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। उन्हें यूथ अकाली दल का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा लोकसभा पटियाला का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक एन. के. शर्मा ने कहा कि मनजीत सिंह लंबे समय से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के साथ मजबूत जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि वह अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी मेहनत और लगन से निर्वहन करते हुए यूथ अकाली दल को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सम्मान समारोह के दौरान मनजीत सिंह ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की अपील की।

# डेराबस्सी में प्रदूषण पर उठे सवाल, लोगों ने कहा- हालात नहीं सुधरे तो कैंसर मरीजों के लिए अलग ट्रेन चलानी पड़ेगी

**▪ डेराबस्सी के गांव जवाहरपुर के पास कैमिकल फैक्ट्री से दूषित पानी छोड़ने का वीडियो वायरल, प्रशासन से जांच की मांग**

गुरमीत सिंह। डेराबस्सी
समर न्यूज़





डेराबस्सी क्षेत्र में फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित पानी का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। जवाहरपुर के नजदीक स्थित एक कैमिकल फैक्ट्री से कथित तौर पर दूषित पानी छोड़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में फैक्ट्री से संदिग्ध पानी बाहर निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

वीडियो वायरल होने के बाद आसपास के क्षेत्र के लोगों में रोष और चिंता का माहौल है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र की कुछ औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला पानी बरसाती नालों और अन्य जल स्रोतों में पहुंच रहा है। उनका कहना है कि कई जगहों पर इसी पानी को मोटर लगाकर खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे फसलों तथा सब्जियों की सिंचाई की जा रही है। लोगों के मुताबिक यदि पानी वास्तव में दूषित है तो इसके लगातार इस्तेमाल से जमीन की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ-साथ कृषि उत्पादों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे स्थान की मौके पर जांच करवाई जाए तथा पानी और मिट्टी के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराई जाए। जांच में यदि प्रदूषण की पुष्टि होती है तो संबंधित फैक्ट्री के खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

इलाका निवासियों ने कहा कि औद्योगिक प्रदूषण को लेकर समय रहते ठोस कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने गंभीर बीमारियों को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि यदि दूषित पानी और प्रदूषण की समस्या पर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। लोगों ने कहा, "हालात ऐसे ही रहे तो वह दिन दूर नहीं, जब डेराबस्सी से कैंसर मरीजों को इलाज के लिए ले जाने हेतु अलग ट्रेन चलानी पड़ेगी। लोगों ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रशासन और पंजाब सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा दूषित पानी छोड़ने के स्रोत का पता लगाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी और जांच के बाद बनती कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सेक्टर-80 के हेयर मास्टर सैलून मालिक को लगातार आ रही थी रंगदारी की कॉल

**▪ सूत्रों के अनुसार रोहित गोदारा गैंग कर रहा था कॉल, डराने के लिए चलाई सैलून के बाहर गोली**

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

सेक्टर-80 स्थित हेयर मास्टर सैलून पर बुधवार रात दो हथियारबंद बदमाशों ने फायरिंग की थी। यह फायरिंग सैलून मालिक को डराने के लिए की गई थी। दरअसल, सैलून मालिक साहिल कपूर को पिछले कई दिनों से अलग-अलग गैंगस्टर ग्रुपों की ओर से फिरौती के लिए फोन आ रहे थे। फोन करने वाले मांग पूरी नहीं करने पर साहिल कपूर को जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

सूत्रों के अनुसार कनाडा बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के गूर्गे भी धमकियां दे रहे थे। जांच एजेंसियां अब उक्त नंबरों से आई धमकियों की जांच में जुट गई हैं। थाना सोहाना पुलिस ने सैलून मैनेजर आमिर हुसैन के बयान पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में सैलून मैनेजर आमिर हुसैन ने बताया कि सैलून के मालिक साहिल कपूर को पिछले कई दिनों से फिरौती के लिए गैंगस्टर फोन कर रहे थे।

सैलून मालिक ने इस संबंध में अपने कर्मचारियों को भी बताया था और उन्हें सावधान रहने के लिए कहा था। पुलिस का मानना है कि सैलून मालिक को डराने के इरादे से भी फायरिंग की गई हो सकती है। वारदात सैलून के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग का नाम अभी तक की जांच में सामने आ रहा है। लॉरेंस गैंग का गूर्गा हैरी बाक्सर भी फिरौती के लिए कॉल कर रहा था।

*सैलून मैनेजर की शिकायत पर दो अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। जांच जारी है। गैंगस्टर एंगल पर भी जांच की जा रही है।*
***-सिमरजीत सिंह शेरगिल,***
*एसएचओ थाना सोहाना*

# लुधियाना के दुगरी रोड गोगा मैड़ी मंदिर में गोगा नौमी पर होगा विशेष आयोजन



नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के दुगरी रोड स्थित प्रसिद्ध गोगा मैड़ी मंदिर में आगामी 5 सितंबर को भादों माह की गोगा नौमी श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम एवं गोगा जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। सभी धार्मिक कार्यक्रम मुख्य सेवादार भगत सुरिंदर कल्याण की अगुवाई में संपन्न होंगे।

गोगा नौमी पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो जाएगा। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों से साधु-संत एवं महात्मा पहुंचकर संगत को आशीर्वाद देंगे। मंदिर प्रबंधकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। श्रद्धालु गोगा जी महाराज को मीठी सेवइयां और नागों की जोड़ियां अर्पित करेंगे।मंदिर कमेटी ने क्षेत्र की समस्त संगत को समागम में शामिल होने का खुला निमंत्रण दिया है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर बिल्लू बाबा, राजकुमार बाबा, सोनू तिशावर, संदीप सोदाई, समीर कल्याण, विनोद भुंबक, संजीव केशला, इंदर बाबा, विनोद बिडलान, अशोक, जनेसर गहलोत सहित अन्य श्रद्धालु एवं सेवादार उपस्थित रहे। मंदिर प्रबंधकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 5 सितंबर को आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में गोगा जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# चाइना डोर की चपेट में आई 22 वर्षीय युवती, गर्दन पर लगा 10 इंच लंबा कट

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



प्रशासन की सख्ती और प्रतिबंध के बावजूद चाइना डोर लोगों के लिए खतरा बनी हुई है। शिमलापुरी के क्वालिटी चौक के पास बुधवार शाम काम से घर लौट रही 22 वर्षीय युवती इसकी चपेट में आकर घायल हो गई। धारदार डोर उसके गले में फंस गई, जिससे गर्दन पर करीब 10 इंच लंबा और आधा इंच गहरा कट लग गया। हादसे के बाद राहगीरों ने उसे तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया।

घायल मुस्कान ने बताया कि वह एक निजी कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करती है। बुधवार शाम काम खत्म करने के बाद वह घर जा रही थी। जैसे ही वह क्वालिटी चौक के पास पहुंची, हवा में लटक रही डोर अचानक उसके गले में फंस गई। वह कुछ समझ पाती, इससे पहले ही डोर ने उसकी गर्दन को काट दिया। इसके बाद वहां खून बहने लगा और वह घबरा गई। सड़क पर युवती को घायल देखकर आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों ने उसकी मदद की। उन्होंने तुरंत उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने आपातकालीन उपचार करते हुए खून का बहाव रोका और गर्दन के घाव पर टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार, गनीमत रही कि डोर गर्दन की मुख्य नस या सांस की नली तक नहीं पहुंची। अगर डोर इन महत्वपूर्ण हिस्सों को नुकसान पहुंचाती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

उपचार के बाद युवती को घर भेज दिया गया। मुस्कान ने प्रशासन और पुलिस से चाइना डोर की बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उसने कहा कि सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए यह डोर बेहद खतरनाक है। प्रशासन को केवल बिक्री पर रोक लगाने के दावे करने के बजाय इसके इस्तेमाल और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

## डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, वार्ड नंबर 92 और आयली खुर्द क्षेत्र में जांच

# लुधियाना में स्टेट टीम ने की जांच; दो कंटेनरों में मिले लारवा

अशवनी पाहवा/सहजप्रीत सिंह
लुधियाना | समर न्यूज़





डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पंजाब स्वास्थ्य विभाग की स्टेट टीम ने गुरुवार को लुधियाना जिले का दौरा कर डेंगू से संबंधित सर्विलांस, जांच और रोकथाम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

फील्ड सर्वे के दौरान राजेश नगर, वार्ड नंबर 92 और आयली खुर्द क्षेत्र में जांच की गई, जहां दो कंटेनरों में डेंगू मच्छर के लार्वा पाए गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की। स्टेट हेडक्वार्टर से पहुंची टीम में प्रेम सरूप शर्मा, गुरप्रीत सिंह, विक्रम कुमार और अमरीक सिंह शामिल रहे। टीम ने डिस्ट्रिक्ट मलेरिया लेबोरेटरी के अलावा सिविल अस्पताल स्थित आईडीएसपी लेबोरेटरी का दौरा किया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा होने वाले स्थानों की जांच की। स्टेट टीम के दौरे के दौरान डॉ. सुप्रीत कौर, प्रेम सिंह और राजिंदर सिंह ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



*▪ **डॉ. रामनदीप कौर** ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, फ्रिज की ट्रे, पुराने टायर और अन्य पानी जमा करने वाले कंटेनरों को नियमित रूप से साफ और खाली करते रहें। उन्होंने कहा कि डेंगू के मच्छर को पनपने से रोकने के लिए लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई रखें और किसी भी स्थान पर पानी जमा दिखाई देने पर उसे तुरंत खाली करें, ताकि डेंगू के मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके।*

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से 13 वर्षीय छात्रा की मौत, सहेली गंभीर

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़



गांव शेरपुर कलां में गुरुवार को स्कूल से घर लौट रही दो छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में 13 वर्षीय अमृत कौर की मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली दीप कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों छात्राएं साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रही थीं। बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों सहेलियां साइकिल से घर लौट रही थीं।

गांव शेरपुर कलां में पहुंचने पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिलों को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि अमृत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे संभालने का प्रयास किया, लेकिन उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दीप कौर भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना सदर जगराओं की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अमृत कौर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है।

घायल दीप कौर का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना सदर जगराओं के प्रभारी सुखविंदर सिंह ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया।

# कॉलेजों के बाहर पुलिस का 'एक्शन मोड' मनचलों की चेकिंग, 73 वाहनों के चालान

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



छात्राओं की सुरक्षा को लेकर लुधियाना पुलिस ने शहर के प्रमुख कॉलेजों के बाहर विशेष एंटी-ईव-टीजिंग अभियान चलाया। घुमार मंडी स्थित खालसा कॉलेज फॉर वूमेन और गिल रोड स्थित गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज के बाहर पुलिस ने विशेष चेकिंग की।

संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती कर संदिग्ध युवकों और वाहनों पर नजर रखी गई। कॉलेजों के आसपास बेवजह घूमने वाले युवकों से पूछताछ की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि छात्राओं को परेशान करने, छेड़छाड़ करने या सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खालसा कॉलेज फॉर वूमेन के बाहर अभियान की अगुवाई डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद मीणा ने की। उनके साथ एडीसीपी इन्वेस्टिगेशन एवं ईओ विंग रुपिंदर कौर भट्टी, एसीपी पीबीआई स्पेशल क्राइम रूपदीप कौर व एसीपी पीबीआई इकोनॉमिक ऑफेंस एवं साइबर क्राइम हरजिंदर सिंह मौजूद रहे। वहीं, जीएनई कॉलेज गिल रोड के बाहर डीसीपी स्पेशल ब्रांच परमजीत सिंह की अगुवाई में कार्रवाई की गई।

पुलिस ने कुल 73 चालान काटे। इनमें 43 बिना हेलमेट, 15 ट्रिपल राइडिंग, 7 मॉडिफाइड साइलेंसर और 8 अवैध रूप से मॉडिफाइड वाहनों के चालान शामिल हैं। पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों की भी विशेष जांच की। अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के आसपास अनुशासन बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। शहर के अन्य संवेदनशील स्कूल-कॉलेज क्षेत्रों में भी ऐसे अचानक चेकिंग अभियान आगे जारी रहेंगे।

# बेटी से बदसलूकी का विरोध करने पर पिता-पुत्र पर चलाईं गोलियां

अशवनी पाहवा/लुधियाना/समर न्यूज़ | सिविल सिटी इलाके में मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब बेटी से बदसलूकी का विरोध करने पहुंचे पिता और बेटे पर सरेआम फायरिंग कर दी गई। आरोप है कि युवक ने पहले दो हवाई फायर किए और इसके बाद पिता-पुत्र को निशाना बनाकर चार गोलियां दाग दीं। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल वंश (22) ने बताया कि बुधवार को उसके पिता प्रिंस का जन्मदिन था। उसकी बहन केक लेने के लिए गई थी। वहां एक युवक अपने पालतू कुत्ते को घुमा रहा था। बहन ने युवक से पूछा कि कुत्ता काटता तो नहीं है। इसी बात पर युवक भड़क गया और उसने युवती के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। सहमी युवती ने फोन कर अपने पिता प्रिंस और भाई वंश को मौके पर बुला लिया। दोनों ने युवक से बदसलूकी करने का कारण पूछा। विवाद बढ़ गया और आरोपी युवक गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद वह दौड़कर अपने घर गया और वहां से बंदूक लेकर वापस आया। मौके पर पहुंचते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कुंती के त्याग और भक्ति का वृतांत सुनकर भाव-विभोर हो गए श्रद्धालु

लक्की भट्टी/लुधियाना/समर न्यूज़ | सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, शंकराचार्य नगर, जोशी नगर धाम, हैबोवाल कलां में श्रीमद्भागवत कथा अंतर्गत श्री कृष्ण कथा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से जारी है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास स्वामी श्री प्रफुल जी महाराज ने कुंती स्तुति एवं कुंती के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के सच्चिदानंद स्वरूप तथा भक्ति के महत्व से अवगत करवाया।

हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश स्थित सिंदूरी माता मंदिर से पधारे स्वामी श्री प्रफुल जी महाराज ने बताया कि कुंती राजा सूर्यसेन की पुत्री थीं। उनके जीवन में अनेक कठिन परिस्थितियां आईं, लेकिन उन्होंने हर परिस्थिति में भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास को बनाए रखा। उन्होंने बताया कि ऋषि दुर्वासा ने कुंती को एक दिव्य मंत्र प्रदान किया था, जिसके द्वारा वह अपनी इच्छानुसार देवताओं का



आह्वान कर सकती थीं। इसी मंत्र के प्रभाव से कुंती ने सूर्यदेव का आह्वान किया और सूर्यदेव के आशीर्वाद से उन्हें पुत्र रत्न कर्ण की प्राप्ति हुई। स्वामी श्री प्रफुल जी महाराज ने कहा कि कुंती का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, भक्त का भगवान के प्रति विश्वास कभी कम नहीं होना चाहिए। कुंती स्तुति में कुंती भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा प्रकट करती हैं। मंदिर प्रधान अमन जैन ,चेयरमैन ऋषि जैन,उप प्रधान अमन कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सदाचार और भक्ति का मार्ग दिखाने का माध्यम है।

कॉलोनाइज़रों ने नहीं मानी चेतावनी, टीम ने सड़कें, अवैध निर्माण और अन्य ढांचे किए जमींदोज

# नोटिस बेअसर : ग्लाडा का चला बुलडोजर धांधरा-माणकवाल में 9 कॉलोनियां ध्वस्त

लक्की मेहता/राहुल शर्मा | लुधियाना | समर न्यूज





अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को प्लॉट बेचने वालों के खिलाफ लुधियाना विकास प्राधिकरण (ग्लाडा) ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। धांधरा और माणकवाल इलाके में वीरवार को ग्लाडा ने 9 अनधिकृत कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया।

कार्रवाई के दौरान कॉलोनियों में बनाई गई सड़कें, अवैध निर्माण, रास्ते और अन्य ढांचों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। विभाग की ओर से संबंधित कॉलोनाइजरों को पहले नोटिस जारी कर अवैध गतिविधियां बंद करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन नोटिस के बावजूद निर्माण व कॉलोनी विकसित करने का काम जारी रखा गया।

पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां के निर्देशों पर ग्लाडा की ओर से अनधिकृत और अनियोजित विकास के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और ग्लाडा के रेगुलेटरी विंग की इंफोर्समेंट टीम धांदरा और माणकवाल पहुंची। टीम ने पहले मौके की स्थिति का जायजा लिया और इसके बाद जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण को गिराने की कार्रवाई शुरू की।

## नोटिस के बाद भी जारी था निर्माण

*ग्लाडा अधिकारियों के मुताबिक, इन कॉलोनियों के संबंध में पहले ही कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी थी और संबंधित कॉलोनाइजरों को नोटिस देकर नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद मौके पर विकास कार्य जारी रखे गए। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया। बुलडोजर चलते ही कॉलोनियों में बनाए गए कई अवैध ढांचे और सड़कें मलबे में तब्दील हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि अनधिकृत कॉलोनी विकसित करने से पहले निर्धारित नियमों और मंजूरियों का पालन करना जरूरी है। बिना अनुमति कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे प्लॉट खरीदने वाले लोगों के पैसे और भविष्य पर भी खतरा पैदा होता है। पूरी कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया और टीम ने कार्रवाई पूरी कर ली।*

## बुलडोजर के साथ कानूनी कार्रवाई भी

*ग्लाडा ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्रवाई केवल अवैध निर्माण गिराने तक सीमित नहीं रहेगी। पंजाब रीजनल एंड अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट (पीआरपीडीए) के तहत अनधिकृत विकास में शामिल कॉलोनाइजरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग की ओर से ऐसे मामलों में दस्तावेजों और मौके की स्थिति की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। धांदरा और माणकवाल में एक साथ 9 कॉलोनियों पर हुई कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया है। ग्लाडा अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी जिले के अलग-अलग इलाकों में अनधिकृत कॉलोनियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाएगी। विभाग का फोकस ऐसे लोगों पर है जो बिना मंजूरी कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।*



*ग्लाडा के मुख्य प्रशासक विकास हीरा, पीसीएस ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सस्ते प्लॉट का लालच देकर लोगों को ऐसी कॉलोनियों में निवेश के लिए आकर्षित करते हैं। बाद में खरीदारों को मूलभूत सुविधाओं और दस्तावेजों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनधिकृत कॉलोनी में प्लॉट या संपत्ति खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। उन्होंने कहा कि लोग ग्लाडा की वेबसाइट पर उपलब्ध स्वीकृत और नियमित कॉलोनियों की सूची तथा मंजूरशुदा नक्शों की जांच करने के बाद ही संपत्ति खरीदने का फैसला लें।*

## पानी-सीवरेज जैसी सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी

*ग्लाडा प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बाद में मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशानी उठानी पड़ सकती है। ऐसी कॉलोनियों में ग्लाडा की ओर से पानी, सीवरेज और बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जाएंगी। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि केवल अधिकृत और स्वीकृत कॉलोनियों में ही अपनी मेहनत की कमाई निवेश करें।*

मिठाई का पार्सल बुकिंग के बाद 2 दिन तक लुधियाना में ही रहा, 5 दिन बाद रवाना

# रेल पार्सल बाबुओं का कारनामा : मिठाई पहुंचानी थी पटना साहिब, भेज दी बनारस

सुनील शिंगार | लुधियाना | समर न्यूज

रेल पार्सल बाबू का एक ऐसा कारनामा सामने आया है जिसमें उन्होंने मिठाई को पटना साहिब के लिए बुक किया और बनारस पहुंचा दी। लुधियाना रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में बुक होने के 5 दिनों बाद मिठाई पटना साहिब पहुंची। फिलहाल जिसने मिठाई भेजी वह भी परेशान और जिसने मिठाई लेनी थी वह भी। लेकिन इसका रेल अधिकारियों पर कोई असर नहीं।

इसको वह मामूली गलती मानते हैं। तर्क भी दिया कि खाने-पीने की चीज थी इसलिए वह जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंच जाए इस लिए उस पार्सल को किसी अन्य ट्रेन में डालकर भेज दिया गया। लेकिन वह शायद यह भूल गए कि मिठाई पार्सल में बुक होने के दो दिनों तक लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ही पड़ी रही, जबकि छठे दिन पटना साहिब में पहुंची। फिर ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि उसको जल्दी भेजने के लिए गलत ट्रेन में डाल दिया गया। रेल जानकारों का मानना है कि इस गलती में मंडल अधिकारियों के लुधियाना स्थित एक मुखिया फंस सकता है इसलिए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

## 29 अगस्त को लुधियाना पार्सल में बुक करवाई थी मिठाई


← Post

Sr DCM FZR @srdcmfzr · 18h
The package was booked under the Perishable Goods head. The staff on duty made every possible effort to arrange priority booking as per the nature of the consignment. The first available train towards PNBE was Train No. 13006,
2 · 42

Ravinder pal Singh @... · 18h
Sir

Then why it is not reached patna jn yet. We already has been paid claim to the party before . Please sir provide the material at Pnbe jn quickly. Thank you
11

Discover more

Ravinder pal Singh @... · 20h
Sir, RR no 2026-653974Hamare rokne ke bawjood bhi hamara mithai ka nagg 13006 mein load kar diya gaya . Pehle bhi is gaadi mein hamara maal chori ho chuka hai jiska hamne claim bhi diya hai party ko . Ab maal VARANASI UTAR GAYA hai . please look into the matter. Thanks

*जानकारी के मुताबिक बीती 29 अगस्त को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर सुरेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति ने तकरीबन 40 किलो मिठाई पटना साहब के लिए बुक करवाई जिसका मूल्य तकरीबन 24 हजार रुपए था। ट्रेन संख्या नंबर 12356 अर्चना एक्सप्रेस पटना साहिब तक जाती है जिसके लिए स्पेशल इसी ट्रेन में ही मिठाई भेजने की बात कही गई, जबकि लुधियाना रेलवे स्टेशन के पार्सल क्लार्क ने सरकारी पर्ची पर भी उसी ट्रेन का नाम लिखा। मिठाई वाला पार्सल बुक होने के दो दिनों तक यह 40 किलो मिठाई लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ही पड़ी रही। अगले दिन पार्टी ने लिखकर भी दिया कि मिठाई को अर्चना एक्सप्रेस में ही भेजा जाए। बावजूद इसके लुधियाना रेलवे स्टेशन के पार्सल बाबू ने इस मिठाई को ट्रेन संख्या नंबर 13006 हावड़ा मेल में डाल दिया। अब यह मिठाई पटना साहिब की बजाए बनारस रेलवे स्टेशन पर उतार दी गई। सूत्रों के मुताबिक पार्सल अधिकारी ने पार्टी को परेशान करने के लिए ही इस हरकत को अंजाम दिया।*

## खाने-पीने की वस्तु कुछ घंटे पहले ही होती है बुक

*जानकारी के मुताबिक अगर किसी व्यक्ति को खाने-पीने का कोई सामान रेल पार्सल के जरिए दूसरे राज्य में भेजना है तो वह संबंधित ट्रेन आने से कुछ घंटे पहले ही पार्सल बुक किया जाता है। इसके पीछे का कारण होता है कि उक्त खाने पीने की चीज समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचाई जा सके ताकि वह खराब ना हो। इस मामले में ऐसा नहीं किया गया। समान बिना जांच किया बुक किया गया और फिर वह दो दिनों तक रेलवे स्टेशन पर ही पड़ा रहा। इस सारे गड़बड़झाले के पीछे कहीं ना कहीं संबंधित अधिकारी की गलती मानी जा रही है। क्योंकि संबंधित अधिकारी का ही जिम्मा होता है कि वह पार्सल में बुक हुए हर समान की लोडिंग और अनलोडिंग का ब्यौरा रखें और उसको संतुलित रखें। सूत्रों का ही मानना है कि गलती करने वाले संबंधित अधिकारी को बचाने के लिए मंडल अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं।*

# पिस्तौल दिखा बेटियों के अपहरण की धमकी, कारोबारी से दस्तखत करा करोड़ों की धोखाधड़ी

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना | समर न्यूज

कारोबारी को पिस्तौल दिखाकर उसकी बेटियों के अपहरण और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि दो लोगों ने पहले कारोबारी से व्यावसायिक संबंध बनाए और बाद में डराकर फर्म के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। इतना ही नहीं, खाली चेकों पर भी हस्ताक्षर करवाकर करोड़ों की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में रोहित कुमार ने बताया कि गांव बुड्ढेवाल रोड, शुगर मिल के पास उनकी 'मोंगा ब्रदर्स यूनिट-2' नाम से फर्म है। पवन कुमार और हरविंदर कुमार उनकी फर्म में लोहे का स्क्रैप बेचने आते थे।

कारोबारी लेन-देन के चलते दोनों आरोपितों से उनकी जान-पहचान बढ़ गई। शिकायत के अनुसार, 24 जून 2023 को दोनों आरोपित अचानक उनकी फर्म के कार्यालय में पहुंचे। आरोप है कि वहां उन्होंने पिस्तौल निकालकर रोहित कुमार पर तान दी। इसके बाद धमकाया कि यदि उनकी बात नहीं मानी तो उसकी बेटियों का अपहरण कर देंगे और पूरे परिवार को जान से मार देंगे। परिवार की सुरक्षा को लेकर भयभीत कारोबारी ने आरोपितों की बात मान ली।

रोहित कुमार के मुताबिक, दोनों आरोपित पहले से तैयार स्टांप पेपर और अन्य दस्तावेज लेकर आए थे। पिस्तौल के बल पर उनसे इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए और फर्म की पार्टनरशिप डीड तैयार कर ली गई। इसके अलावा फर्म के कई खाली चेकों पर भी जबरन हस्ताक्षर करवाए गए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बाद में इन दस्तावेजों और चेकों का इस्तेमाल कर उसके साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई। विरोध करने पर आरोपित उसे लगातार पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देते रहे। मामले की पुलिस अधिकारियों की ओर से जांच करवाई गई।

जांच में शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाने के बाद पवन कुमार और हरविंदर कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस दबिश दे रही है।




# रतन वड़ैच को मिली बड़ी जिम्मेदारी, यूथ अकाली दल की कोर कमेटी में किया शामिल

लक्की मेहता | लुधियाना | समर न्यूज



शिरोमणि अकाली दल ने संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है।

पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने लुधियाना पूर्वी से संबंधित रतन वड़ैच को यूथ विंग, शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि रतन वड़ैच की पार्टी के प्रति श्लाघनीय सेवाओं और पंथक कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल है। यूथ अकाली दल के प्रधान सरबजीत सिंह झिंझर ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए रतन वड़ैच को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि रतन वड़ैच पार्टी की विचारधारा को युवाओं तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठन को और मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

रतन वड़ैच की नियुक्ति को लुधियाना पूर्वी में अकाली दल के संगठनात्मक स्तर पर भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि नई जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र में यूथ विंग की गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है।

# घर में पड़ा था पंजाबी गायक का शव, बदबू आने पर हुआ खुलासा

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना | समर न्यूज

गांव सुधार पत्ती धालीवाल में गुरुवार को पंजाबी गायक का शव उसके घर से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ।



शव खराब हो चुका था। घर से लगातार आ रही दुर्गंध के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घर का दरवाजा खुलवाया। अंदर बेड पर बलजीत सिंह का शव पड़ा मिला। शव की हालत देखकर पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत करीब चार से पांच दिन पहले हुई होगी। अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। बलजीत सिंह पंजाबी गायक होने के साथ-साथ गीत भी लिखते थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अधिकारियों का कहना है कि शव बेड पर मिला है और मौत को लेकर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## जन्माष्टमी की धूम



लुधियाना के मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। स्कूलों और विभिन्न संस्थानों में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इस मौके पर लुधियाना के चंडीगढ़ रोड स्थित बीसीएम स्कूल के विद्यार्थी हिमांश शर्मा ने कान्हा के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी।

# वरिष्ठ पत्रकार मुनीष शर्मा को वित्त मंत्री ने किया सम्मानित



समर न्यूज | लुधियाना

**शख्सियत**

पंजाब की इंडस्ट्री के विकास और उद्योग जगत से जुड़े अहम मुद्दों को पत्रकारिता के माध्यम से प्रमुखता से उठाने के लिए दैनिक जागरण के डिप्टी चीफ रिपोर्टर एवं वरिष्ठ पत्रकार मुनीष शर्मा को पंजाब सरकार की ओर से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (पीएयू) में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने उन्हें सम्मान प्रदान किया।

मुनीष शर्मा 22 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत अमर उजाला से की। इसके बाद दैनिक भास्कर में सेवाएं दीं और करीब 15 वर्षों से दैनिक जागरण के साथ जुड़े हुए हैं। इस दौरान उन्होंने लुधियाना सहित पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाया। साइकिल, होजरी, गारमेंट, ऑटो पार्ट्स, फास्टनर्स, मशीनरी और अन्य उद्योगों की समस्याओं के अलावा एमएसएमई, जीएसटी, निर्यात, कच्चा माल, औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी खरीद में एमएसएमई की भागीदारी व नीतिगत अड़चनों से जुड़े विषयों पर उनकी रिपोर्टिंग को विशेष पहचान मिली।

मुनीष शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके साथ-साथ उन उद्योगपतियों व संगठनों के विश्वास का सम्मान है, जिन्होंने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। समारोह में विधायक मदनलाल बग्गा, विधायक दलजीत भोला ग्रेवाल, पुलिस कमिश्नर स्वप्पन शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिल्कफेड जीएम से लूट, मारपीट कर 2 लाख ट्रांसफर कराए

अशवनी पाहवा/हेमराज बब्बर | जगराओं | समर न्यूज

जगराओं के पास बदमाशों ने फिरोजपुर मिल्कफेड के जीएम सुरजीत सिंह के साथ लूट और मारपीट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि बदमाशों ने पहले उनकी कार को टक्कर मारी और फिर उन्हें घेरकर जबरन कार में घुस गए। आरोपियों ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट की और मोबाइल, पर्स व नकदी छीन ली। बदमाशों ने जबरन 2 लाख भी ट्रांसफर करवाए।

सुरजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर में 3-4 फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है। वारदात के बाद वह किसी तरह घर पहुंचे, जहां उनकी हालत देखकर परिजनों ने उन्हें डीएमसी अस्पताल में भर्ती करवाया। पत्नी के मुताबिक, सुरजीत सिंह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी जगराओं के पास आरोपियों ने उनकी कार को टक्कर मारकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155